आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 311 - ● जबलपुर ● गुरुवार, 15 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## कर्नाटक में ट्रक और कार में टक्कर, चार लोगों की मौत

**बैंगलुरू, ईएमएस।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले में बुधवार को एक ट्रक और कार की टक्कर हो गई है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना गुब्बी तालुक में कोंडली क्रॉस के पास हुई। हादसा उस समय हुआ जब मृतक पैंट्रीहल्ली से बेंगलुरु जा रहा था। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

## मंदी से भारत भी अछूता नहीं रहेगा



## राहुल से इंटरव्यू में रघुराम राजन

**नई दिल्ली, यशभारत।** भारत जोड़ो यात्रा में आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन शामिल हुए जिसके बाद राहुल गांधी ने राजन से बातचीत भी की । राहुल गांधी की आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के साथ बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बुधवार को शामिल हुए भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि देश में अगली क्रांति सेवा क्षेत्र में हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में स्थिरता, उत्सर्जन में एक नई तरह की हरित क्रांति भी हो रही है और भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए पवन चक्कियां बनाने, इमारतों को हरा-भरा बनाने में सबसे आगे हो सकता है। राजन के साथ बातचीत में राहुल गांधी ने भारत, अमेरिका और अन्य देशों में मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों, छोटे उद्योगों के सामने चुनौतियों, आर्थिक असमानता के बारे में उनसे पूछा. जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि देश में चार-पांच उद्योगपति अमीर हो रहे हैं, बाकी देश के लोग पीछे हैं और उद्योगपतियों के एक समूह का एक अलग 'हिंदुस्तान' है, जबकि किसानों और अन्य लोगों का एक और 'हिंदुस्तान' है, गांधी की इस बात पर पूर्व गवर्नर राजन ने कहा कि यह एक बड़ी समस्या है लेकिन यह पूंजीपतियों के बारे में नहीं है. राजन ने कहा कि अगला साल मौजूदा साल की तरह मुश्किल भरा रहने वाला है. उन्होंने कहा कि दुनिया में विकास धीमा होने जा रहा है और भारत पर भी इसकी मार पड़ने वाली है।

## आसनसोल में कंबल बांटने के दौरान भगदड़ 3 लोगों की मौत, 5 घायल

**आसनसोल, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में बुधवार को कंबल बांटने के दौरान भगदड़ मच गई। घटना में 3 की मौत हो गई, जबकि 5 घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो महिलाएं। उनकी अभी पहचान नहीं हो पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना उस समय हुई, जब भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी अपना भाषण खत्म कर कार्यक्रम स्थल से जा रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन जिले के पूर्व मेयर और भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने किया था।

# सिक्किम सेक्टर के डोकलाम में फिर बड़ी हरकत

## कब्जे की फिराक में है चालबाज चीन, ब्रिज बनाकर दिए नापाक मंसूबे के संकेत

**नई दिल्ली,एजेंसी। चीन ने सिक्किम सेक्टर के डोकलाम में फिर बड़ी हरकत की है। सूत्रों के मुताबिक, चीनी सेना जामफेरी रिज तक पहुंचने की कोशिश में है और उसने टोरसा नाला में ब्रिज बना लिया है। जून, 2017 में जब डोकलाम में भारतीय और चीनी सेना में 72 दिनों का गतिरोध हुआ था, तब चीन ने टोरसा नाला पार करने की कोशिश की थी। अगर चीनी सेना जामफेरी रिज तक पहुंचती है तो भारत के सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर खतरा हो जाएगा।**





जामफेरी रिज की अहमियत यह है कि यहां जो पहले पहुंचेगा, वह दूसरे पर पूरी तरह हावी हो सकता है। चीनी सैनिक जामफेरी रिज पहुंचे तो उन्हें भारतीय सेना के डोकला पोस्ट पहुंचने में देर नहीं लगेगी। जामफेरी रिज से सीधे सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर नजर रखी जा सकती है। भारत का सिलिगुड़ी कॉरिडोर सामरिक रूप से बेहद अहम है। यह बहुत संकरा रास्ता है जिससे पूरा नॉर्थ-ईस्ट देश के बाकी हिस्से से जुड़ता है। 2017 में चीन ने डोकलाम के जामफेरी रिज तक ही सड़क बनाने की कोशिश की थी जिससे गाड़ियां सीधे जामफेरी रिज पहुंचें। भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को सड़क का काम करने से रोका था। 72 दिनों तक चले गतिरोध के बाद चीनी सैनिकों को लौटना पड़ा। बाद में चीनी सेना ने डोकलाम में कई इंफ्रास्ट्रक्चर और हेलिपैड बनाए। करीब 600 सैनिकों की स्थाई तैनाती भी की।

### भारत ने बनाया ये प्लान, अब ड्रैगन को याद आएगी नानी

चीन को एलएसी पर जवाब देने के लिए भारतीय सेना नई रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत ॠ पर सेना की ढ्क्क्न यानी इंटिग्रेटेड बैटल ग्रुप की तैनाती होगी। इस ग्रुप में सेना की अलग-अलग फील्ड के माहिर जवान होंगे। इनमें पैदल सैनिक, टैंक, तोप, इंजिनियर्स, लॉजिस्टिक, सपोर्ट यूनिट सहित वे सभी सैनिक होंगे, जो किसी जंग के लिए जरूरी हैं। सेना के ये समूह ज्यादा घातक होंगे। इन्हें एक्सरसाइज के जरिए ज्यादा ऊंचाई वाली चोटियों में जंग में माहिर बनाया गया है।

### अभी भारतीय सेना की दो कोर

9वीं और 17वीं तीन साल से ढ्क्क्न पर एक्सरसाइज कर रही हैं। पिछले साल ही ऐसे इंटिग्रेटेड बैटल ग्रुप का वैलिडेशन हो चुका है। वैलिडेशन का मतलब है कि कई एक्सरसाइज के जरिए परखा गया है कि ये बैटल ग्रुप कैसे ज्यादा असरदार होंगे। इसके बाद ही इन्हें मान्यता दी गई है। अब ढ्क्क्न बनाने के लिए सरकार के आदेश का इंतजार है।

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ की सजा

## 5-5 साल की जेल

**डिंडोरी, यशभारत।** आदिवासी जिला डिंडोरी में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षक और उसकी पत्नी को अंततः सजा मिल गई। साल 2010 में पति-पत्नी ने छात्रों को फेल कराने के उद्देश्य से उनी आंसर शीट के पन्ने फाड़ दिए थे। उन्होंने यह काम केवल इसलिए किया था क्योंकि पीड़ित छात्रों ने उनसे कोचिंग लेने से इनकार कर दिया था। घटना के करीब 12 साल बाद डिंडोरी जिला न्यायालय ने दोनों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। न्यायालय के आदेश के बाद पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला न्यायालय के मीडिया सेल प्रभारी और सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि सिविल लाइन निवासी आरोपी ललित पारधी और उसकी पत्नी दीप्ति को गिरफ्तार कर डिंडोरी जेल भेजा गया है। ललित पारधी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में व्याख्याता है। घटना के समय उसकी पत्नी दीप्ति पारधी सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक थी। 20 मार्च 2010 को पति-पत्नी ने कुछ छात्रों की 12वीं क्लास की बुक कीपिंग एंड अकॉउंटेंसी की आंसर शीट से अंदर के पन्ने फाड़ दिए थे। इसकी जगह उन्होंने खाली पन्ना लगा दिया था। शिक्षक दंपति ने छात्रों को परीक्षा में फेल कराने के उद्देश्य से यह काम किया था। इस मामले में उनके खिलाफ धारा 420, 420/34, 468, 468/34, 469 और 469/34 के तहत मामला दर्ज किया गया था।



### कोचिंग नहीं लेने पर रची साजिश

दोनों आरोपियों ने छात्रों द्वारा ट्यूशन नहीं लेने के चलते यह साजिश रची थी। इसके चलते सरस्वती शिशु मंदिर के कई छात्र बुक कीपिंग एंड अकॉउंटेंसी विषय में फेल हो गए थे। वर्ष 2010 में परीक्षा केंद्र कस्तूरबा कन्याशाला में था। आरोपी शिक्षक ललित पारधी इस स्कूल में केंद्राध्यक्ष और स्ट्रॉन्ग रूम प्रभारी थे। पति-पत्नी ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था और छात्रों का भविष्य खराब करने की कोशिश की थी।

### सजा के साथ जुर्माना भी

न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी ललित और दीप्ति पारधी को दोषी करार दिया। दोनों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास के साथ पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर हरेक अपराध के लिए छह-छह महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भी आरोपियों को भुगतना होगा।

## बिहार में जहरीली शराब अब तक 39 मौतें

## जो पिएगा वो मरेगा ही, सीएम नीतीश कुमार का बयान





**पटना , एजेंसी।** छपरा में जहरीली शराब से बड़ी संख्या में हुई मौतों पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बयान आया है। सीएम नीतीश ने कहा कि अगर शराब पिओगे तो मरोगे ही। हमने शराबबंदी लागू कर रखी है। इसके बावजूद लोग शराब पी रहे हैं। शराब बुरी चीज है जो शराब पिएगा वो तो मरेगा ही. ये उदाहरण सामने हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि जहरीली शराब बनाने वाले धंधेबाजों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि छपरा में जहरीली शराब से दो दिन के भीतर 39 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार सुबह ही 6 लोगों ने दम तोड़ा। इन सभी की मौत मंगलवार रात से गुरुवार सुबह तक हुई है। विभिन्न अस्पतालों में अभी 15 से 20 लोग और भर्ती हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। वहीं, उपरा शराबकांड की गाज अब पुलिसकर्मियों पर गिरने लगी है। मशरक के थानेदार और चौकीदार को सस्पें कर दिया गया है। इसी इलाके में सर्वाधिक मौतें हुई हैं। मडौरा डीएसपी पर भी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को विधानसभा में जाने से पहले मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू कर रखी है। उसी समय जहरीली शराब की बात सामने आई थी। सरकार ने इसके खिलाफ बहुत एक्शन लिए। मगर लोगों को भी सचेत रहना चाहिए। सीएम ने कहा कि लोगों को यह ध्यान




## बिलावल ने N में भारत के खिलाफ उगला जहर

### जयशंकर ने दिया करारा जवाब, पूरे पाकिस्तान की बोलती हुई बंद

**संयुक्त राष्ट्र,एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर कश्मीर मुद्दे का राग अलापा है। बिलावल ने संयुक्त राष्ट्र में बोलने के मौके का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए किया। लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने जवाब से पूरे पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ही आतंकी ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। ऐसे में पाकिस्तान उपदेश देने के काबिल नहीं है। बिलावल भुट्टो-जरदारी ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कश्मीर मुद्दे पर अपने प्रस्तावों को लागू करने का आह्वान किया। यहां बिलावल ने कहा, चविश्व व्यवस्था, शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा परिषद कश्मीर मुद्दे पर अपने प्रस्तावों को लागू करे।

## पठान के विरोध में लोगों ने फूंके शाहरुख-दीपिका के पुतले

**भोपाल, ईएमएस।** बुधवार को ही मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर च्पठानज्के कुछ सीन्स और दीपिका के कपड़ों में बदलाव नहीं किया गया तो फिल्म को वहां रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि टुकड़े-टुकड़े गैंग की सपोर्टर दीपिका पादुकोण के कपड़े आपत्तिजनक हैं और च्बेशर्म रंगज गाना भी गंदी मानसिकता के साथ फिल्माया गया है। इस फिल्म के सीन्स और दीपिका के कपड़ों को ठीक किया जाए, नहीं तो फिल्म रिलीज नहीं होने दी जाएगी। उधर Pathaan में दीपिका के भगवा बिकिनी लुक पर मचे बवाल को पायल रोहतगी ने च्बेवकूफीज बताया। Payal Rohatgi ने कहा कि जो ऑब्जेक्शन उठाया जा रहा है, वो बेबुनियाद है। कलर को टारगेट करना सही नहीं है। पायल रोहतगी ने कहा, अब तो ऐसा नहीं है कि दीपिका पादुकोण ने सनातन धर्म से जुड़े हमारे भगवानों की तस्वीर को बिकिनी में रखा है। ऐसे में सिर्फ रंग की वजह से टारगेट किया जाना सही नहीं है। मैं जिस रिएलिटी शो में थी, वहां भी हमारी यूनिफॉर्म इसी रंग की थी। हम उसे लात मारते थे और फाड़ते भी थे। तो क्या हम भी गलत हैं?ज्पायल रोहतगी ने कहा कि इस तरह की आपत्ति जताने वाले लोग बेवकूफ हैं। ऐसा लगता है कि उनका यह रवैया या एजेंडा सिर्फ पब्लिसिटी के लिए है। पायल रोहतगी ने कहा कि इस तरह की चीजों से च्पठानज को नुकसान नहीं बल्कि फायदा ही होगा। बायकॉट ट्रेंड चलाने से फिल्म का फायदा ही होगा।





## बीमा के 4 करोड़ लेने का प्लान पड़ा उलटा

# नकली बीवी ने ही करवा दिया कत्ल


**नासिक, ईएमएस।** महाराष्ट्र के नासिक में इंश्योरेंस के 4 करोड़ रुपये लेने के लिए हत्या की अनोखी वारदात सामने आई है. इसमें यह पूरा प्लान बनाने वाला खुद अपनी ही प्लान का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबक, इस शख्स ने फर्जी दस्तावेजों से नकली शादी का सर्टिफिकेट बनवाया और प्लान किया कि सड़क हादसे में उसकी मौत दिखाकर उसकी नकली पत्नी इंश्योरेंस के 4 करोड़ रुपये क्लेम कर लेगी, जिसे वो दोनों फिर आपस में बांट लेंगे। इंश्योरेंस क्लेम के लिए दोनों फर्जी पति-पत्नी फिर एक ऐसे इंसान की खोज में जुट गए, जिसकी हत्या करके वे पति की लाश के रूप में दिखाकर बीमा के पैसे ले सकें. हालांकि इन दोनों को कई दिनों तक ऐसा कोई शख्स नहीं मिला. इसके बाद नकली पत्नी ने अपने दूसरे साथियों के साथ मिलकर अपने नकली पति को ही मार डाला. पैसों के बंटवारे को लेकर झगड़े से खुला राज़ महिला ने नकली पति की हत्या करके उसकी बॉडी को कार से कुचल दिया. इसके बाद उसने इंश्योरेंस क्लेम किया और उसे बीमा के 4 करोड़ रुपये मिल गए. हालांकि इसके महिला को पता चला कि उसके साथियों ने उसे सिर्फ 50 लाख रुपये दिए और बाकी के 3.50 करोड़ रुपये अपने पास रख लिए तो उन सबमें लड़ाई हो गई. जिसके बाद इस हत्याकांड का पूरा कच्चा चिट्ठा खुल गया. पुलिस ने इस मामले में महिला समेत उसके 2 अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया है. नासिक के डीसीपी किरण कुमार चौहान ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में हमने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला भी है. उन्होंने बताया कि बीमा के 4 करोड़ रुपये क्लेम करने के लिए हत्याकांड को अंजाम दिया गया है. इसके लिए फर्जी शादी के कागज बनाए गए और फिर एक्सीडेंट दिखाकर इंश्योरेंस क्लेम किया गया।



# खरमास में नहीं किए जाते हैं मांगलिक काम, शुक्रवार से रोक

## कल से सूर्य गुरु बृहस्पति की सेवा में

**जबलपुर, यशभारत। शुक्रवार से मांगलिक कामों पर रोक लग जाएगी। कारण कि सूर्य 16 दिसंबर को सुबह तकरीबन 10 बजे धनु राशि में प्रवेश कर जाएगा। इससे 16 दिसंबर से धनुर्मास यानी खर मास शुरू हो जाएगा। नए साल में 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास समाप्त होगा। इसके बाद ही शुभ कार्य शुरू हो सकेंगे। इसलिए विवाह आदि मांगलिक काम के लिए अगला शुभ मुहूर्त 15 जनवरी को रहेगा। अरुणोदय पंचाग के रचयिता ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास के मुताबिक धनु राशि के स्वामी देव गुरु बृहस्पति हैं, बृहस्पति सूर्य के गुरु हैं। उनकी राशि में सूर्यदेव प्रवेश करेंगे यानी सूर्य अब अपने गुरु बृहस्पति के घर में रहेंगे, उनकी सेवा में रहेंगे। एक साल में सूर्य एक-एक बार गुरु ग्रह की धनु और मीन राशि में जाता है। इस तरह साल में दो बार खरमास रहता है।**



### साल में 2 बार सूर्य होता है बृहस्पति की राशि में

सूर्य साल में दो बार बृहस्पति की राशियों में एक-एक महीने के लिए रहता है। इनमें 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक धनु और 15 मार्च से 15 अप्रैल तक मीन राशि में। इसलिए इन 2 महीनों में जब सूर्य और बृहस्पति का संयोग बनता है तो किसी भी तरह के मांगलिक काम नहीं किए जाते हैं। खरमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि मांगलिक कर्मों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं। इन दिनों में मंत्र जप, दान, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करने की परंपरा है। इस परंपरा की वजह से खरमास के दिनों में सभी पवित्र नदियों में स्नान के लिए काफी अधिक लोग पहुंचते हैं। साथ ही पौराणिक महत्व वाले मंदिरों में भक्तों की संख्या बढ़ जाती है।

### खरमास में क्यों नहीं रहते हैं शुभ मुहूर्त

सूर्य एक मात्र प्रत्यक्ष देवता और पंचदेवों में से एक है। किसी भी शुभ काम की शुरुआत में गणेश जी, शिव जी, विष्णु जी, देवी दुर्गा और सूर्यदेव की पूजा की जाती है। जब सूर्य अपने गुरु की सेवा में रहते हैं तो इस ग्रह की शक्ति कम हो जाती है। साथ ही सूर्य की वजह से गुरु ग्रह का बल भी कम होता है। इन दोनों ग्रहों की कमजोर स्थिति की वजह से मांगलिक कर्म न करने की सलाह दी जाती है। विवाह के समय सूर्य और गुरु ग्रह अच्छी स्थिति में होते हैं तो विवाह सफल होने की संभावनाएं काफी अधिक रहती हैं। खरमास में सूर्य ग्रह की पूजा रोज करनी चाहिए। सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य को जल चढ़ाएं। जल में कुमकुम, फूल और चावल भी डाल लेना चाहिए। सूर्य मंत्र ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।



# कांग्रेस जिला प्रभारियों के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक में जिला समन्वय समिति पर चर्चा

**जबलपुर ,यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा - निर्देश पर जबलपुर जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी पूर्व विधायक सुनील जैन व सह प्रभारी विभाष जैन ने शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम चौबे के साथ नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषद चुनाव के उपरांत संशोधित मंडलम सेक्टर की सूची की स्थिति व वर्तमान में मंडलम सेक्टर की मासिक बैठक क्षेत्र में सक्रियता की स्थिति को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक की। जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी पूर्व विधायक सुनील जैन ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान. कमलनाथ जी के निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि हर जिले की प्रत्येक विधानसभा सीट में हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के बाद की स्थिति, जातिगत समीकरण मतदाता सूची में कटे - जु? नाम व क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की स्थिति कार्यकर्ताओं की सक्रियता हर स्तर पर देखा व समझा जा रहा है। जिले स्तर पर कांग्रेस संगठन की सक्रियता बढ़ाने वरिष्ठ जनों, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशियों महत्वपूर्ण नेताओं को समाहित करते हुए कांग्रेस जिला समन्वय समिति शीघ्र बनाई जाएगी साथ ही जिला स्तर पर संगठन मंत्री की नियुक्ती कर संगठन को और अधिक सक्रिय किया जायेगा। बैठक में सुनील जैन, विभाष जैन, जगत बहादुर सिंह अन्नू, राधेश्याम चौबे उपस्थित रहे।


## ओएफके में मिनी मेराथन से स्वच्छता का संदेश



**जबलपुर यश भारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत खमरिया प्रबंधन द्वारा सीनियर स्टाफ क्लब से खमरिया के मुख्य द्वार तक एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया ।महाप्रबंधक अशोक कुमार ने मेराथन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मिनी मैराथन मे खमरिया स्टेट में निवास कर रहे कर्मचारियों उनके परिजनों एवं आसपास संचालित हो रहे स्कूली छात्र-छात्राओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया ।इस अवसर पर महाप्रबंधक अशोक कुमार द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। मिनी मेराथन मे निर्माणी अपर महाप्रबंधक के एस.एस.सलाथिया रजनीश कुमार गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं निर्माणी के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पुलिस की मदद से व्हीएफजे ने बंद किया अवैध गेट

### अतिक्रमण कर्ता ने व्हीएफजे की बाउंड्री बाल तोड़ लगाया था गेट



**जबलपुर यशभारत।** व्हीएफजे के प्रशासन ने सुरक्षा विभाग के माध्यम से व्हीएफजे इस्टेट की बांउड्री बाल तोड़ कर अतिक्रमण कारी द्वारा सेक्टर वन में बनाए गये इस्टेट की ओर बनाए गए गेट को पुलिस की मदद से बड़े बड़े पत्थर लगा कर बंद कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगामैया बजरंग नगर की ओर से रांझी की तरफ होली क्रास स्कूल के पास व्हीएफजे सेक्टर वन की बांउड्री है ।बाउंड्री के उस तरफ गुप्ता ट्रेडर्स ने बिना व्हीएफजे प्रशासन की अनुमति से गेट लगाकर बाउंड्री बाल तोड़ कर इस्टेट की ओर आना जाना शुरू कर दिया ।इसकी जानकारी व्हीएफजे प्रबंधन को लगी तो प्रबंधन ने सुरक्षा विभाग के माध्यम से इसकी सूचना रांझी थाने में दी। पुलिस को सूचित करने के साथ सुरक्षा विभाग की टीम जेसीबी मशीन और लावलश्कर के साथ पहुंची ।डी एस सी दस्ता की उपस्थिति में तोड़ी गई बांउड्री बाल के बड़े बड़े पत्थर रखवा दिये और गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक को कानून सम्मत चेतावनी देते हुए गेट स्थाई रूप से बंद करने का निर्देश दिया।

## जिला स्तरीय एक दिवसीय कॅरियर मेला 24 को



### विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट का सुनहरा अवसर

**जबलपुर, यशभारत।** विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रोजगार/स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 24 दिसंबर को जिला स्तरीय एक दिवसीय कॅरियर मेला का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय, रॉझी, जबलपुर होगा। उक्त कॅरियर अवसर मेले का श्री सौरव कुमार सुमन, कलेक्टर, जबलपुर द्वारा आज पोस्टर रिलीज किया गया। उन्होनें कहा कि रोजगार/स्वरोजगार से संबंधित संस्थायें मेले में उपस्थित होकर जिले के विद्यार्थियों को लाभावित करें। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, प्राचार्य डॉ. रागिनी अग्रवाल एवं मेला संयोजक डॉ. बिंदु शर्मा शासकीय कन्या रॉझी, महाविद्यालय, जबलपुर उपस्थित रही।

## समग्र शिक्षक संघ जबलपुर सम्भाग ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** समग्र शिक्षक संघ जबलपुर सम्भाग के तत्वावधान में समग्र शिक्षक संघ के जबलपुर ,कटनी, मंडला, डिंडोरी सहित सभी जिलों के प्रान्तीय ,सम्भागीय और जिला पदाधिकारियों के साथ अनेक शिक्षको ने कमिश्नर कार्यालय में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश और मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम अपना 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। सँयुक्त कलेक्टर श्री यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपन वालों में नरेंद्र दुबे महामंत्री,राकेश पाठक प्रांतीय सचिव,सुरेन्द्र तिवारी जिलाध्यक्ष कटनी, हेमन्त श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष मंडला प्रहलाद नायक , मनीष जैन अध्यक्ष जबलपुर, परस्ते जी अध्यक्ष डिंडौरी एवं कटनी जिले से ब्रजेन्द्र बाजपेयी ,यज्ञदत्त शुक्ल ,धर्मपाल पटेल ,नर्मदा झारिया ,लक्ष्मण सिंह ध्रुवे ,आर के द्विवेदी,हमीदमंसूरी ,ओमप्रकाश दहिया राजाराम झारिया,रमेश विश्वकर्मा रामकृपाल पटेल ,परसराम तंतुवाय,विंद्वेष द्विवेदी,रामकेश पटेल ,बबिता कोल,जबलपुर से राजेन्द्र दुबे,अनिल बोरिया,गणेश त्रिपाठी,राकेश उपाध्याय,रजनी ल?िया,श्रीमती संगीता कोरी,चंद्रभान शिल्पकार,अनिल अग्रवाल,शिवकुमार पटारिया ,दुर्गेश पाण्डे, आलोक अग्निहोत्री ,राजेश नेमा, दाहिया जी,पीयूष तिवारी, जगदीश गहलौत प्रदीप पासी सहित जबलपुर सम्भाग के सभी जिला से समग्र शिक्षक संघ के पदाधिकारी बड़ी सख्या में उपस्थित रहे।

# विनय ही मोक्ष का द्वार है: मुनि प्रबुद्ध सागर





**जबलपुर,यशभारत।** पिसनहारी जी की मढ़िया में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर वरिया वाला एवं सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित श्री 1008 मज्जिनेंद्र जिन बिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति कामना महायज्ञ के अंतर्गत मोक्ष कल्याणक के अवसर पर प्रातः मंगलाष्टक, रक्षा मंत्र, अभिषेक, शांतिधारा पूजन के साथ ही नवप्रभात की नई किरण के साथ भगवान आदिनाथ का कैलाश पर्वत से निर्वाण प्राप्ति हुई, तत्पश्चात मोक्ष कल्याणक पूजा और विश्व शांति महायज्ञ हुआ। मुनि श्री प्रबुद्ध सागर ने मंगल प्रवचन में बताया कि वितरागी व्यक्तित्व के सामने समर्पण करना अधिक महत्वपूर्ण है। धर्म सभा में व्यक्ति विशेष का अभार नहीं होता है। विनय ही मोक्ष का द्वार है। मोक्ष कल्याणक कराने से मोक्ष नहीं मिलता है बल्कि मोक्षगामी जीव के रास्ते से चलने पर मोक्ष प्राप्त होता है। पंचकल्याणक देवता कराते हैं। बिन जाने व जान के अगर कोई गलती हो जाती है तो उसके लिए विनय पूर्वक क्षमा याचना करना चाहिए। जिनवाणी सदा से शाश्वत है। उसी के अनुसार हमें कार्य करना चाहिए। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जितनी भी संगठनों के द्वारा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग दिया गया है सभी का आभार व्यक्त किया गया । खास करके पिसनहारी मंदिया से संबद्ध सभी समितियों को दिगंबर जैन पंचायत सभा जबलपुर, जैन नवयुवक सभा, आदिनाथ समिति गोल बाजार सभी मंदिरों के समितियों को सभी दिगंबर जैन सोशल गुण विशेषकर मैन गुप एवं जबाली पुरम ग्रुप का, जैनम, दिगंबर जैन महाममिति, भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षणी महासभा आदि के समस्त पदाधिकारियों का अभिवादन, अभिनंदन किया गया। पंचकल्याणक समिति के समस्त आयोजक गणों का भी स्वागत अभिनंदन किया गया।

# नागरिकों की सुविधा के लिए बसों की संख्या में होगी बढ़ोत्तरी

### जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक



**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में गत दिवस जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सौरव कुमार सुमन, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीना, सी.ई.ओ., जेडीए जबलपुर प्रशांत श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात जबलपुर प्रदीप शेंडे, डीएसपी मधुकर चौकीकर डीएसपी पंकज परमार, सी.ई.ओ., जेसीटीएसएल सचिन विश्वकर्मा, उप-सी.ई.ओ., जेसीटीएसएल शीतल उपाध्याय, ट्रांसपोर्ट प्लानर, जेसीटीएसएल सुश्री अंकिता गुप्ता, एवं लेखाधिकारी, जेसीटीएसएल सूर्य प्रकाश बाल्मीक आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जेसीटीएसएल के सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा ने संचालक मंडल की बैठक के समक्ष जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जानकारी दी, नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने निर्देशित किया कि शहर के नागरिकों की आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए बसों की संख्या में वृद्धि करें एवं दिव्यांग, वरिष्ट नागरिकों के लिए पास सुविधा में छूट देने के लिए प्रस्ताव बनाएं जिसे जल्द ही नगर पालिक निगम के आगामी बजट में रखा जाएगा शहर में इलेक्ट्रिक व्हीकल के चार्जिग स्टेशन बनाए जाएं। ऑटो के लिए तीन पत्ती में अलग से स्टैंड बनाए जाने के लिए जगह निर्धारित की जाए।

# गांधी चौपाल में सुभद्रा कुमारी की जीवनी पर चर्चा



**जबलपुर, यशभारत।** गांधी चौपाल में सुभद्रा कुमारी को नमन कर उनकी जीवनी पर चर्चा की गई। आज की इस गांधी चौपाल में शहर के प्रभारी सुनील जैन सह प्रभारी विभाष जैन उत्तर मध्य के विधायक विनय सक्सेना रवि पटेल वार्ड के पार्षद एमआईसी अमरीश मिश्रा सभी ने एकता भाईचारे अखंडता देश में बढ़ रही बेरोजगारी महंगाई की जानकारी गांधी चौपाल के माध्यम से दी आज कि गांधी चौपाल में संयोजक प्रवेंद्र चौहान ने जबलपुर से महात्मा गांधी के लगाव के बारे में एवं नर्मदा भक्त महात्मा गांधी के विषय में जानकारी दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव इंदिरा पाठक तिवारी रेखा विनोद जैन रजनी निगम बलविंदर मान अरुण पवार राजेश पटेल भरत पटेल सुमन पटेल राधा नायक बसंती सिंगरा उमा कोरी सुनीता कोरी चंदा पटेल छाया शुक्ला खुशी पटेल उमा बुंदेला गुड्डी सविता पलक सुशीला पटेल ज्योति पटेल आभा पटेल रुबीना बकन पिंकी दहिया मीना सैनी एडवोकेट तुलसीराम पटेल दिलीप साहू नूर उल्ला खान कलीम खान मुन्ना पटेल अजय वर्मा लाटोरे लाल रैकवार कंचन बोस सनी जैन गुलाब पटेल संतोष सोंधिया विजय पटेल नर्वत पटेल राजू कहार मनोज पटेल शैलेंद्र सिंह राजपूत मुन्ना पटेल जी रविंद्र ठाकुर अमित गुप्ता जितेंद्र प्रताप सिंह आदि सम्माननीय जन एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।



# कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीक से प्रशिक्षित हुए किसान

**जबलपुर, यशभारत।** फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर, अधारताल, जबलपुर में आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम सत्र में... जबलपुर, उमरिया एवं कटनी जिले से प्रशिक्षण हेतु चयनित कृषकों को संबोधित करते हुए किसानों के गैरराजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं महाकौशल (म.प्र.) के अध्यक्ष इंजी. श्री के के अग्रवाल ने कहा कि किसानों को अपनी समृद्धि के लिए खेती की नई विकसित तकनीक को अपनाना आज की जरूरत है। किसानों के सामने समस्यायों का अंबार है। पग पग पर रोड़े है, कांटे हैं, बड़ी बड़ी चट्टाने खड़ीं है, उससे जूझना, मठ्ठर, मजबूत चट्टानों को तोड़ना अकेले की बस की बात नही रह गई है, । किसान भाइयो को हर हाल में संगठित होना ही पड़ेगा, कोई शार्ट कट रास्ता नहीं है। संगठित हुए बिना इससे निपट पाना असंभव है ।.. उन्होंने संगठन की उपयोगिता व उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों को गाँव, तहसील, एवं जिला स्तर पर संगठित होने का आह्वाहन किया। और इसमे महिलाओं की सहभागिता को जरूरी बताया। संभागीय सचिव श्री रूपेंद्र पटेल ने किसानों को खेती के अतिरिक्त अन्य धंधों से जुड़ने व विशेष रूप से महिलाओं को अपने अपने घर से ही छोटे छोटे काम धंधे प्रारम्भ करने की सलाह दी। फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर की प्राध्यापिका डॉ आराधना सिंह एवं डॉ स्वाति राय ने किसानों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता व उसके महत्व तथा प्रशिक्षण की जानकारिया देते हुए आगामी कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों को भाग लेकर लाभ लेने की अपील की।

# मॉडर्न पेंटाथलॉन में जबलपुर का शानदार प्रर्दशन

### बालक वर्ग में जबलपुर संभाग को मिला स्वर्ण पदक



**जबलपुर, यशभारत।** 66वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अन्तर्गत मॉर्डन पेंटाथलॉन की प्रतियोगिता महापौर माननीय जगत बहादुर सिंह ( अन्नू ) के मुख्य आतिथ्य में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी व शालेय खेल अधिकारी चंदा सोनी की उपस्थिति में ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें 19 वर्ष बालकों में जबलपुर संभाग के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवसागर मिश्रा एवं सूर्य भान सिंह लोधी ने क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक हांसिल किया एवं भोपाल संभाग के ईषान ने कांस्य पदक हांसिल किया। इसी प्रकार 19 वर्ष बालिका में आरना मुरमकर, मयुरी पटेल एवं प्रवलिका पांडे ने क्रमषः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हांसिल किया। मॉर्डन पेंटाथलॉन के कारपोरेशन सेकेट्री एवं जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि मॉर्डन पेंटाथलॉन में एथलीटों ने क्रमषः 800 मीटर रनिंग फिर 200 मीटर स्वीमिंग के बाद फिर 800मीटर रनिंग कर पदक हांसिल किए। जिसमें नर्मदापुरम, सागर संभाग, भोपाल संभाग, जबलपुर संभाग के एथलीटों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर- मुकेष श्रीवास्तव, अमर सिंह, मीनूकांत शर्मा, सुनील भारती, आषा सुसोदिया, चंदा सोनी, सुनील पटेल, राकेश श्रीवास, नितेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेष चैधरी, मधुमिता हाजरा, हेमलता तिवारी, सारिका खान, पूनम कुंडे, नंन्दन कुमार बर्मन, नवराज सिंह पटेल, शिवम पटेल आदि उपस्थित रहे।

# लम्हेटा घाट में स्थापित होगी भगवान परशुराम की 52 फुट ऊंची प्रतिमा

**जबलपुर, यशभारत।** बहुप्रतीक्षित प्रस्तावित भगवान श्री परशुराम धाम का भूमि पूजन लम्हेटाघाट में गुरुवार को किया गया। इस धाम में भगवान परशुराम जी की 52 फुट ऊंची प्रतिमा एवम ध्यान , योग एवम यज्ञ केंद्र स्थापित किया जाएगा एवम धार्मिक सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। भूमि पूजन आचार्य वासुदेव शास्त्री महाराज एवं आचार्य रोहित दुबे के द्वारा स्वामी नरसिंह दास महाराज चैतन्य महाराज एवं स्वामी रामबहादुर महाराज की उपस्थिति में किया गया।



मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष बृजेश दुबे युवा प्रदेश संयोजक आशीष त्रिवेदी प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश दिक्षित देवेंद्र शर्मा महानगर अध्यक्ष नवीन शुक्ला प्रशांत अवस्थी प्रवीण तिवारी डॉ प्रसाद मिश्रा असीम त्रिवेदी अपूर्व त्रिवेदी हर्ष त्रिवेदी गोविंद दुबे कमलेश तिवारी पंकज तिवारी फतेह झूसी अखिलेश शर्मा राहुल तिवारी शैलेश पाठक शुभम मिश्रा अतुल बाजपेई ओपी शुक्ला अनीता शुक्ला अमरीश मिश्रा अयोध्या तिवारी आदि मौजूद रहे।

# HDL-मोदी की डिजिटल एग्रीकल्चर क्रांति से बदल रही है किसानों की हालत: प्रहलाद

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बताई, एनडीए में होने वाले विकास की गतिविधिया

**भोपाल, यशभारत। केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किसानों के हाथों में आधुनिक डिजीटल तकनीक देकर उन्हें ताकतवर और क्षमतावान बनाया है। इस तकनीक के जरिए किसानों को कई तरह की परेशानियों से बचाया गया। उन्होंने कहा लूट-भ्रष्टाचार और बिचौलियों से किसान मुक्त हुए। सरकार की सहायता राशि सीधे किसानों तक पहुंचने लगी।**



किसान को सरकार ने कारोबार करने के नए नए मौके मुहैया कराए। बीज से बाजार तक किसान के लिए नई अवधारणा बनाई गई। मोदी सरकार द्वारा शुरू किया गया डिजिटल एग्रीकल्चरल मिशन चमत्कार साबित हुआ है। इस मिशन ने किसान की परिस्थितयों को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ई-नाम मंडी के जरिए 1.74 करोड़ से अधिक किसानों को जोड़ा गया। 2.36 लाख ट्रेड पंजीकृत ई-नाम के जरिए किए गए। और 2.22 लाख करोड़ का व्यापार दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 11.37 करोड़ किसान लाभांवित हुए। इन किसानों के खाते में 2.16 लाख करोड़ रूपए जमा कराए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना-डिजिटल क्रांति के बाद किसानों को इस योजना में भी काफी लाभ मिला। सैटेलाइट के जरिए किसानों की फसल की देखभाल की गई। कोई विवाद हुआ तो सुलझा लिया गया। 2021-22 में 16 हजार करोड़ रूपए आवंटित हुए। 2016 से 2022 तक 38 करोड़ किसान इस योजना में पंजीकृत किए गए और एक लाख 28 हजार 522 करोड़ रूपए से अधिक क्लेम का भुगतान किया गया। जबकि 25 हजार 185 करोड़ रूपए किसानों द्वारा बीमा प्रीमियम के रूप में दिए गए। किसान उत्पादक संघ के तहत 3855 से भी ज्यादा एफपीओ रजिस्टर्ड किए गए। सॉयल हेल्थ कार्ड के अंतर्गत 22.71 करोड़ कार्ड बनाए गए। 11 हजार 531 टेस्टिंग प्रयोगशालाएँ मंजूर की गई।

उन्होंने बताया प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत यूपीए के समय में 6057 करोड़ थी। इस योजना में करीब 136 फीसदी (15,511) इजाफा किया गया। माइक्रो इरीगेशन फंड के तहत 17.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए 4710.96 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। पांच हजार करोड़ रूपए की प्रारंभिक राशि से नाबार्ड में एक सूक्ष्म सिंचाई कोष बनाया गया है। कार्पस फंड 10 हजार करोड़ रूपए का रखा गया है। इसके अलावा कृषि ऋण प्रवाह यूपीए के समय में 7.3 लाख करोड़ रूपए था जो बढ़कर 18.5 लाख करोड़ रूपए (2022-23) में किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत यूपीए के समय में 6.46 करोड़ किसान थे लेकिन अब 9.28 करोड़ किसान इसका लाभ ले रहे हैं। यूपीए के समय 5 लाख करोड़ बजट था जो अब बढ़कर 16.57 लाख करोड़ है।


खाद सब्सिडी (फर्टिलाइजर) यूपीए के समय में 41,853 करोड़ थी। मोदी सरकार द्वारा 62,151 करोड़ ,यूरिया पर और 40,073 करोड़ नॉन यूरिया पर दी गई। नीम कोटेड यूरिया में नीम कोट से करीब 15 से 20 फीसदी यूरिया की क्षमता बढ़ जाती है। किसान रेल की अवधारणा मोदी सरकार ने शुरू की। इस योजना में 167 रूट्स पर 2359 रेलों के फेरे लगे। और 7.88 लाख टन से ज्यादा है।

विधानसभा चुनाव-2023

# 30 लाख युवा पहली बार डालेंगे वोट, जिनमें 16 लाख से ज्यादा नाम इसी साल जुड़ेंगे, अब तक सबसे ज्यादा

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव में 18 से 21 साल के 30 लाख युवा वोटर पहली बार वोट करेंगे। यह पहला मौका है जब मतदाता सूची अपडेट किए जाने के लिए चलाई गई मुहिम के तहत 17 लाख नए आवेदन आए हैं, जिनमें 18 साल के 16 लाख 25 हजार युवा हैं। 2018 जनवरी में जुड़े नए युवा मतदाता 10 से 12 लाख के बीच थे। यही ट्रेंड नए जुड़ने वाले मतदाताओं का पूर्व में रहा। प्रदेश में हर साल 4 लाख युवा 18 की उम्र पार करते हैं।

मप्र में 30 लाख से ज्यादा वोटर पहली बार वोट करेंगे जो कुल वोटिंग का 8 से 10 फीसदी होगा। पिछले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बीच हार जीत का अंतर 1 प्रतिशत रहा। उम्मीदवारों में हार जीत 5 से 7 प्रतिशत वोटों के अंतर से हुई। मप्र में वोटर लिस्ट की स्क्रूटनी होना अभी बाकी है। इसके बाद फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित होगी। बाद में नाम जुड़वाने और घटाने का यह क्रम अक्टूबर और नवंबर के महीने तक चलता रहेगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस की जीत का अंतर 1 प्रतिशत था



2018 विधानसभा चुनाव

### 7 सीटों पर भाजपा 4337 वोटों से पिछड़ी, सरकार बनाने से चूकी

मप्र में पिछले 2018 के विधानसभा चुनावों में 7 सीटें ऐसी थी, जहां भाजपा 4337 वोटों से पीछे रह गई थी और सरकार बनाने से चूक गई थी। बीजेपी को 41.0 प्रतिशत वहीं कांग्रेस को 40.9 प्रतिशत वोट मिले थे। इस चुनाव में बीजेपी का वोट शेयर ज्यादा था, लेकिन कांग्रेस ने 115 सीटें जीती थी। भाजपा को 109 सीटें मिल गई थी।मप्र में 2022 नवंबर की स्थिति में वोटर की संख्या 5,26,16,915 है। 18 साल नए युवाओं के नाम जुड़ने के बाद यह संख्या 1 जनवरी की स्थिति में 5 करोड़ 40 लाख पार कर जाएगी।

# आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में 710 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की पद-स्थापना

**भोपाल, ईएमएस।** प्रदेश की आयुष संस्थाओं में रिक्त पदों पर भर्ती का कार्य आयुष विभाग द्वारा तेजी से किया जा रहा है। आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में 710 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को पदस्थ किया गया है। इसी के साथ 763 पद पर आयुष मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति के लिये लोक सेवा आयोग से परीक्षाएँ सम्पन्न कराई जा चुकी हैं। शीघ्र ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। आयुष विभाग में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के 352 पद के लिये भी परीक्षाएँ सम्पन्न हो चुकी हैं। इनकी पद-स्थापना की कार्यवाही प्रचलन में है। प्रदेश के शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालयों में व्याख्याता के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को भेजा जा रहा है। विभाग द्वारा इन पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही जल्द की जायेगी। प्रदेश की आयुष संस्थाओं में रिक्त पैरामेडिकल एवं अन्य श्रेणी के 615 पद पर नियुक्ति के लिये मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षाएँ सम्पन्न की जा चुकी हैं। विभाग द्वारा पद-स्थापना की कार्यवाही तेजी से की जा रही है।



# मप्र में आज भी बारिश के आसार, हल्की बूंदाबांदी

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को भी मावठा गिर सकता है। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन मैंडूस के असर से इंदौर संभाग के अलावा हरदा-बैतूल में अगले 24 घंटे में बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इधर, सूरज नहीं निकलने से दिन का तापमान रात के पारे के बराबर आ गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि 16 और 17 दिसंबर को रात के तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अरब सागर के पूर्वी मध्य हिस्से में मैंडूस सक्रिय है। दक्षिण पूर्वी और दक्षिण पश्चिमी के साथ बंगाल की खा?ी से नमी आ रही थी। अब अरब सागर से भी नमी मिल रही है। इसके कारण इंदौर, खंडवा, नर्मदापुरम, शहडोल और सागर भोपाल के नवीबाग, दमोह, बैतूल और छिंदवा?ा में बारिश ज्यादा हुई। इन इलाकों में 5 से 6 डिग्री के तापमान की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, पिछले 24 घंटे में बड़वानी, शाजापुर, रायसेन, सागर, सीहोर और उज्जैन जिले के कई हिस्सों में हल्की बौछारें गिरीं। ऐसी ही स्थिति गुरुवार को इंदौर संभाग में बन सकती है।

### यहां हल्की बूंदबांदी के आसार

इंदौर संभाग के धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा के अलावा हरदा और बैतूल में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बादलों के कारण दिन की अपेक्षा रात का तापमान बढ़ गया है। भोपाल में तो रात का तापमान 16 डिग्री के पार पहुंच चुका है। वहीं, इंदौर में 18, ग्वालियर में 10 और जबलपुर में पारा 14 डिग्री सेल्सियस के पार है। इनके अलावा सिवनी, बैतूल, नर्मदापुरम में 17 से 19 डिग्री के बीच तापमान चल रहा है। कई शहरों में तो दिन और रात के तापमान बराबर हो गए हैं। हालांकि, एक-दो दिन में बादल छंटने के बाद मौसम बदलेगा और ठंड का असर ब? जाएगा।

# मध्यप्रदेश की नई युवा नीति 13 जनवरी को घोषित होगी

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सुशासन समागम को किया संबोधित

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सीएम यंग प्रोफेशनल्स फॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम लोकतांत्रिक व्यवस्था में की गई महत्वपूर्ण पहल है। मध्यप्रदेश में युवाओं के सहयोग से सुशासन को जमीन पर लाने का कार्य किया जाएगा। पिछले एक वर्ष से इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रवीन्द्र समागम में सुशासन समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में सुशासन के प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवाओं के सवालों और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोकतंत्र जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन है। हमारा तंत्र काफी बड़ा है। योजनाएँ बनाना सरल है, लेकिन योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुँचाने का कार्य विभिन्न कठिनाइयों से भरा है। इसमें कुछ लोगों द्वारा कोताही के कारण और लाभ उठाने की भावना से अनेक योजनाएँ जमीन पर नहीं उतर पाती। शासकीय तंत्र के अलावा युवा ऊर्जा का उपयोग कर योजनाओं के क्रियान्वयन को आसान बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उनके मन में यह विचार आया है कि युवाओं के सहयोग से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जाए। युवा इस व्यवस्था के शासन के आँख और कान बन रहे हैं। युवाओं द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर जिलों की प्रातःकालीन बैठकें हुई हैं। सही व्यक्ति तक बिना कठिनाई के और बिना विलंब के योजनाओं का लाभ मिल जाए, यही सुशासन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा युवाओं के लिए भी अनेक योजनाएँ बनाई गई हैं। व्यवहारिक जीवन में जनता के कष्ट देख कर अनेक योजनाएँ बनाई गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ होने की प्रेरणा से लेकर उसके क्रियान्वयन और नए स्वरूप के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवा उद्यमी योजना और अन्य योजनाओं का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि युवाओं के विचारों को शामिल करते हुए नई युवा नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। आगामी 13 जनवरी को यह नीति सामने आएगी। इसके पूर्व विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में संगोष्ठी से युवा नीति पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आग्रह किया कि इस नीति के निर्माण में अधिकाधिक युवा हिस्सा लें। युवाओं से संबंधित प्रावधानों को युवा नीति में शामिल कर क्रियान्वित किया जाएगा।





# मादा चीतों के बाड़े में छोड़ा जाएगा एक नर चीता... ओबान

**भोपाल,ईएमएस।** नामीबिया से आए सभी चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ दिया गया है। बड़े बाड़े में छोड़ जाने के बाद चीते पूरी तरफ से भारतीय माहौल में ढलते दिख रहे हैं। अब एक नर चीता को तीन मादा चीतों के साथ बड़े बाड़े में छोड़ने की तैयारी है ताकि इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट को और सफलता मिल सके। बीते 80 वर्षों से भारत की धरती पर चीतों का जन्म नहीं हुआ है। चीता संरक्षण कोष की कार्यकारी निदेशक डॉ लॉरी मार्क ने कहा कि वे प्रजनन शुरू करने लिए नर और मादा चीतों को साथ रखने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि एल्टन, फ्रेडी और ओबान में से पहले कौन जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट चीता की टीम अब संभावित ब्रीडिंग की रणनीति पर काम कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अभी पार्क की तुलना में ब्रीडिंग के लिए बड़े बाड़े अनुकुल हैं। रविवार को केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कूनो नेशनल पार्क में शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों की एक टीम के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने ट्वीट किया कि यह जानकर खुशी हुई कि सभी 8 चीते अच्छी तरह से अनुकूलन कर रहे हैं और पीएम नरेंद्र मोदी की दृष्टि एक पारिस्थितिक गलत को पारिस्थितिक सद्भाव में बदलने का आकार ले रहा है।

**एल्टन और फ्रेडी में से पहले कौन जाएगा?**

### ये हैं मुश्किलें

हालांकि, चीता प्रजनन की अपनी जटिलताएं हैं। सीसीएफ के एक लेख के अनुसार केवल 20 फीसदी चीता कैद में सफलतापूर्वक प्रजनन करते हैं, आंशिक रूप से अनुवांशिक विविधता में कमी के कारण। इससे यह भी पता चलता है कि चीतों में शुक्राणु की गतिशीलता कम होती है और शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होती है। रिसर्च के अनुसार नर बेहतर गुणवत्ता वाले शुक्राणु का उत्पादन करते हैं, जब वे लोगों की नजरों से दूर होते हैं या कम ताकझांक करने वाले लोग होते हैं। सीसीएफ मेरेडिथ हैनल के लेख में यह भी है कि मादा चीता प्रजनन में अधिक सफल होती हैं, जब उन्हें बर्थ प्लेस से दूर किया जाता है।, जहां वे पैदा हुए थे। शिफ्ट होने के बाद वह देखते हैं कि जंगल में उनके लिए क्या है। हैनेल का कहना है कि घर की बड़ी बिल्लियों के विपरीत मादा चीता यह स्पष्ट नहीं करती हैं कि वह कब मिलन के लिए तैयार हैं और वे कई महीनों तक संकेत नहीं देती हैं।

# सीएम हेल्पलाइन ने मृत महिला के बयान ले लिए क्लोजर रिपोर्ट में लिखा- शिकायतकर्ता संतुष्ट है, शिकायत बंद कराना चाहती है

**भोपाल, यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की जांच करने वाले मृतक से भी बयान ले लेते हैं। पढ़ने में कुछ अजीब लग रहा होगा, लेकिन एक मामले की जांच करने वालों ने ऐसा करके दिखा दिया। हुआ यूं कि सिवनी जिले की एक महिला ने लव मैरिज की थी। शादी के बाद मायके वाले उसे प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर उसने पीएम हेल्पलाइन में इसकी शिकायत की। बाद में खुदकुशी भी कर ली। महिला की मौत के तीन साल बाद पीएम हेल्पलाइन ने उसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में ट्रांसफर कर दी। इसके बाद पुलिस महिला के घर पहुंची। जब पता लगा कि महिला की मौत हो चुकी है तो पुलिस ने मामले में खात्मा लगा दिया।इधर, पीएम हेल्पलाइन और सीएम हेल्पलाइन की ओर से पुलिस रिपोर्ट के आधार पर केस बंद करते हुए लिखा गया- 'शिकायतकर्ता की शिकायत का निराकरण कर उसको अवगत करा दिया गया है। शिकायतकर्ता संतुष्ट है। अपनी शिकायत बंद करना चाहती है।' उधर सिवनी एसपी रामजी श्रीवास्तव का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जांच करके समुचित कार्रवाई की जाएगी। भाई वेलफेयर सोसाइटी के फाउंडर मेंबर जकी अहमद ने बताया कि युवती बरखा तिवारी ने प्रियंक तिवारी से 6 फरवरी 2018 को लव मैरिज की थी। बरखा के परिवार वाले इससे खुश नहीं थे। उसे परेशान करने लगे थे। बरखा ने अपनी शिकायत में अपने पिता, दो चाचा, बहन और जीजा का नाम लिखा था। बरखा ने 14 मार्च 2019 में खुदकुशी की थी। इसके बाद मायके वालों ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के संबंध में शिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस ने बरखा के पति और सास को जेल भेज दिया। जकी अहमद ने बताया कि तीन साल बाद जिस शिकायत की जांच करने पुलिस पहुंची थी। उस केस में पुलिस ने खात्मा लगाते हुए लिखा है- युवती जांच से संतुष्ट है। वह आगे की कार्रवाई नहीं चाहती। जकी का कहना है कि पुलिस मृतक शिकायतकर्ता (बरखा) से कब और कैसे मिली। यह उनकी समझ से परे है।




# शिक्षा विभाग में 29 हजार पद भरे जाएंगे मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों को बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2023 तक एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियाँ मिल जाएंगी। अगस्त माह से अब तक शिक्षा विभाग द्वारा 29 हजार पदों के लिए भर्ती का कार्य प्रारंभ कर दिया है जो आगामी मार्च माह तक पूरा होगा। इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 53 हजार 750 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस तरह 82 हजार 750 पदों की पूर्ति के साथ शेष अन्य रिक्त पदों के विज्ञापन भी निरंतर जारी किए जा रहे हैं। इससे जहाँ युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा, वही सरकार के कार्य संचालन और विभागों की गतिविधियों में तेजी आएगी।

# जीजा-साले को रौंदकर भागा वाहन चोरी का आरोपी

## भोपाल में बाइक आगे कर पिकअप को रोकने की कर रहे थे कोशिश

**भोपाल, ईएमएस। पिकअप चुराकर भाग रहे वाहन चोरी के आरोपी ने जीजा-साले को कुचल दिया। आरोपी विदिशा से गाड़ी चुराकर भाग रहा था। वाहन मालिक के बेटे और उसके दामाद को जब भोपाल में चोरी गया पिकअप दिखा तो उन्होंने बाइक से चोर का पीछा किया। दोनों ने पिकअप रोकने के लिए बाइक आगे खड़ी कर दी। वाहन चोर उन्हें रौंदते हुए भाग गया।**

घटना भोपाल के कोकता बायपास हाइवे पर बुधवार सुबह की है। जीजा और साले ने झागरिया के पास पिकअप रोकने के लिए बाइक आगे कर दी। लेकिन वाहन चोर ने गाड़ी की स्पीड कम नहीं की। वह दोनों को कुचलते हुए निकल गया। पुलिस ष्टष्टञ्जङ्क खंगाल रही है।

### पिता का वाहन रात में हो गया था चोरी

टीआई शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि विदिशा जिले के साहेर गांव का रहने वाला राज वंशकार (17) पुत्र राम सिंह वंशकार ग्रेजुएशन कर रहा था। उसके एग्जाम चल रहे हैं। इसी सिलसिले में इन दिनों वह भोपाल में रहने वाले अपने जीजा दीपक बंसल (25) के घर ठहरा था। दीपक भोपाल में रहकर डी-मार्ट में नौकरी करता था। बुधवार सुबह राज को पता चला कि विदिशा में पिता का पिकअप वाहन रात में चोरी हो गया है।सुबह करीब 10-30 दोनों जीजा-साले कोकता ट्रांसपोर्ट नगर इलाके की तरफ घूमने निकले। इसी दौरान राज को चोरी गई पिकअप दिख गई। इस पर वह बाइक से ही गाड़ी का पीछा करने लगे। ट्रांसपोर्ट नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर झागरिया गांव तक पहुंचे, लेकिन आरोपी ने गाड़ी नहीं रोकी। इस बीच, वह पिकअप के आगे बाइक कर उसे रोकने लगे, तभी आरोपी ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राज को जब ट्रांसपोर्ट नगर के पास गाड़ी दिखी, तो उसने घर पर फोन कर परिजन को बताया। उसने पुलिस को सूचना नहीं दी। आरोपी गाड़ी लेकर पटेल नगर बायपास चौराहे की तरफ लेकर बढ़ गया। पुलिस का कहना है कि यदि सूचना मिलती तो आरोपी पकड़ा जाता। पटेल नगर चौराहे पर पुलिस का पॉइंट है। हर समय चौराहे पर पुलिस तैनात रहती है, जबकि जीजा-साले इसी चौराहे से होकर झागरिया खुर्द गांव तक वाहन चोर का पीछा करते गए हैं।



### तीन बहनों में इकलौता था राज

परिजनों ने बताया कि राज तीन बहनों के बाद सबसे छोटा था। राज के पिता राम सिंह ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। उनके पास पिकअप वाहन है। वह मंडी बमौरा में गाड़ी लेकर गए थे।

## कृष्णा चौधरी ने किया नगर का नाम रोशन



गाडरवारा (यशभारत) इंदौर में हुई मिस मालवा कंपटीशन में गाडरवारा की कृष्णा चौधरी सेकंड रनर अप रही। शो को ऑर्गेनाइजर प्रिया ग्रेवाल एवं शो को जज करने के लिए मुंबई इंदौर की सेलिब्रिटी मिस्टर ऋतुराज के सिंह, सरफराज मेमन, मधुश्री शाह, शकील राज, और नीना साहनी विशेष रूप से उपस्थित थे।गाडरवारा नगर की बेटी कृष्णा चौधरी सुजीत चौधरी की पुत्री है इस उपलब्धि पर सभी शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनायें एवं बधाई दी गई। पूर्व में भी कृष्णा चौधरी अहमदाबाद, लखनऊ, जबलपुर, भोपाल, में भी अपने गाडरवारा नगर का नाम रोशन कर चुकी है।

## 100 मीटर दौड़ में अव्वल रही नगर की बेटी भूमिका




**गाडरवारा (यशभारत)।** नगर की बेटी भूमिका पिता अनिल कुशवाहा ने भोपाल में आयोजित 66वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2022 में शामिल होकर 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने परिषद की बैठक के पूर्व उक्त प्रतिभावान बालिका को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर सीएमओ जयश्री चौहान के अलावा नपा सभापति, पार्षगण मौजूद रहे। प्रतिभावान छात्रा क्राइस्ट चर्च कान्वेंट स्कूल की छात्रा है और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजनों एवं कोच को दिया है।

## विकृति निवारण शिविर का किया गया आयोजन



**पाटन, यशभारत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोगियों के लिए विकृति निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर से आए कुष्ठ रोग विभाग के अधिकारियों द्वारा आशा कार्यकर्ताओं एवं रोगियों को जल और तेल के उपयोग से कुष्ठ रोग की विकृति के निवारण की जानकारी प्रदान की गई साथ कि अगर कुष्ठ रोगी जागरूक रहें तो जल और तेल के माध्यम से आने वाली परेशानियों से बचा जा सकता है कार्यक्रम में विनीत ठाकुर आरके चौबे के साथ खंड चिकित्सा अधिकारी आदर्श विश्नोई डॉक्टर शिल्पा राकेश पुरुषोत्तम साहू उपस्थित रहे।

## ठा.भूपति सिंह का भावभरा पुण्य स्मरण हुआ



**पाटन, यशभारत।** पाटन की माटी के गौरव सपूत, जाने माने साहित्यकार ,राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षाविद स्व ठाकुर भूपति सिंह का उनकी 93 वें जन्म तिथि पर कृतज्ञ शिष्य परिवार व क्षेत्रीय जनों की उपस्थिति में भावभरा पुण्य स्मरण किया गया। स्व ठाकुर साहब की हाई स्कूल प्रांगण स्थित मूर्ति के समक्ष पूर्व संकुल प्राचार्य विमल कुमार जैन एवम् वर्तमान संकुल प्राचार्य अनुज कुमार सेन की विशिष्ट उपस्थिति में वक्ताओं ने अपने संस्मरणों के माध्यम से ठाकुर साहब के प्रेरणादाई व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते हुए कृतज्ञ जनों के नेत्र सजल हो गये। इस अवसर पर राजाराम त्रिपाठी, कृष्णा प्रसाद वेहुरे, एन डी पटवा, सुरेंद्र सिंह,राजेश नायक, रामसेवक अग्रवाल, प्र प्र अध्या आनंद अग्रवाल, शिवकुमार वाजपेई,विष्णु प्रसाद पटेल, आदि के साथ ठाकुर साहब के अनुज रणधीर सिंह तथा सुपुत्र चंद्रशेखर सिंह ,शिष्य गण,गणमान्य जन उपस्थित थे।

# पिता की मौत के बाद ट्रेनों में मांगती थी भीख. आरपीएफ ने किया चाइल्डलाइन के सुपुर्द

**जबलपुर यशभारत, यशभारत।** रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान भी रखते हैं। पश्चिम मध्य रेलवे, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चैबीस घंटे सतत् ड्यूटी की जा रही है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन नन्हे फरिश्तेज्ञ अभियान के तहत घर से भागे हुए, अपहृत हुए, बिछुड़े हुए बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया है एक घटना के अनुसार जबलपुर मण्डल के पोस्ट कटनी पर उपनिरीक्षक शिशिर कुमार एवं प्रधान आरक्षक शिवराम शर्मा द्वारा स्टेशन ड्यूटी में गश्त के दौरान कटनी स्टेशन प्लेटफॉर्म नं. 02 पर एक बच्ची लावारिस हालत में मिली। बच्ची से पूछताछ करने पर अपना नाम काजल कोइरी, पता अलीनगर चंदौली थाना मुगलसराय, उत्तर प्रदेश बताया और कहा कि मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी है इसलिए वह गाड़ियों में भिक्षा मांगने का काम करती है। उक्त घटना के सम्बन्ध में चाइल्ड हेल्प लाइन कटनी को सूचित किया गया। चाइल्ड हेल्प लाईन कटनी के मेम्बर श्रीमती कल्पना द्विवेदी के आरपीएफ पोस्ट कटनी में उपस्थित होने पर बच्ची को सुपुर्द किया गया।रेल सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। रेल सुरक्षा बल द्वारा शुरू किये गए इन कार्यों को जनता से बहुत सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया भी मिलती है।

## श्रीमती मीना तिवारी को पी एच डी प्रदत्त



**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा श्रीमती मीना तिवारी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है । उन्होंने जबलपुर जिले में जनांकिकीय परिवर्तनों का आर्थिक अध्ययन (सन 2011 की जनगणना विशेष संदर्भ में) यह उपाधि हासिल की है । श्रीमती तिवारी ने यह शोध कार्य मानकुंवर बाई शासकीय स्वशासी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रश्मि चौबे के मार्गदर्शन में किया है । वे राम मनोहर गर्ग की सुपुत्री तथा कथावाचक पंडित कामता तिवारी की पत्नी हैं ।

# रेल मंडल ने ऊर्जा संरक्षण को पर रैली निकालकर किया जागरूक

**जबलपुर यशभारत, यशभारत।** ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर जबलपुर रेल मंडल में ऊर्जा संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे मंडल में किया गया. इस अवसर पर मंडल कार्यालय में बैनर एवं पोस्टर चिपकाकर रेल कर्मचारियों को ऊर्जा के संरक्षण एवं बचत के लिए जागरूक किया गया, इसके साथ ही रेलवे की मिलेनियम एवं बजरंग रेल कॉलोनी में रेलवे स्टाफ द्वारा ऊर्जा संरक्षण रैली निकाली गई। इसी तरह कटनी, सागर, सतना, नरसिंहपुर आदि स्थानों पर भी ऊर्जा संरक्षण को लेकर मंडल के विद्युत विभाग के कार्यालयों में अनेक



आयोजन किए गए। इस संबंध में मंडल विद्युत अभियंता अख्तर यजदानी ने बताया कि वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता संजय मनोरिया के निर्देशन तथा मंडल रेल प्रबंधक विवेकशील एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं अमितोज बल्लभ के मार्गदर्शन में ऊर्जा संरक्षण के लिए हुए जागरूकता कार्यक्रम में लोगों ने काफी रुचि ली।

## यात्री यातायात से 1366 करोड़ रूपये से अधिक राजस्व अर्जित

**पिछले साल की तुलना में 66 प्रतिशत की वृद्धि**

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के यात्रियों की सुविधाओं में उत्तरोत्तर विकास करते हुए रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके परिणामस्वरूप पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नंवम्बर 2022 तक 1366 करो? 30 लाख रूपये यात्री यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 821 करोड़ 36 लाख रूपये की तुलना में 66 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। विगत आठ महीनों में मण्डल स्तर पर रेल राजस्व इस प्रकार है जबलपुर मण्डल ने अप्रैल से नंवम्बर 2022 तक 518 करोड़ 79 लाख रूपये यात्री यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 353 करोड़ 93 लाख रूपये की तुलना में 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई।भोपाल मण्डल ने अप्रैल से नंवम्बर 2022 तक 517 करोड़ 18 लाख रूपये यात्री यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 279 करोड़ 32 लाख रूपये की तुलना में 85 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कोटा मण्डल ने अप्रैल से नंवम्बर 2022 तक 330 करो? 33 लाख रूपये यात्री यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 188 करोड़ 10 लाख रूपये की तुलना में 76 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## छात्राओं के आवागमन को लेकर विधायक ने उपलब्ध कराई साइकिलें

**तेंदूखेड़ायभाप्र।** विगत दिनों ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत पडरिया पहुंचे विधायक संजय शर्मा के पास ग्राम पडरिया की हायरसेकेड्री स्कूल पढने वालीह सात छात्रायें पहुंचीं उन्होंने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि हम सभी छात्रायें समीपी ग्राम देवरी राजमार्ग हायरसेकेड्री स्कूल की शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रतिदिन आते जाते हैं, चूंकि आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं है कि साइकिल ले सकें या फिर प्रतिदिन यात्री बसों से समय मिला कर आना जाना कर सकें विधायक संजय शर्मा ने इस विषय को काफी गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से सातों छात्राओं को साइकिल दिलवाने का आश्वासन दिया बल्कि साइकिलें खरीद कर लाकर दूसरे ही दिन उपलब्ध करा दी गई।

# मार्ग परिवर्तित अवधि के दौरान शक्तिपुंज अब कटनी स्टेशन पर रुकेगी



**जबलपुर यशभारत।** पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मण्डल में गढ़वा रोड जंक्शन/तोलरा और रजहरा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 14.दिसंबर से 29दिसंबर की अवधि में गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हाव?ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से दोनों दिशाओं में परिवर्तित मार्ग के दौरान कटनी स्टेशन पर 05 मिनट का ठहराव दिया जा रहा। यह रेलगाड़ी वाया जबलपुर-कटनी साऊथ-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया-धनबाद की बजाय अब ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी जंक्शन-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया-धनबाद स्टेशन होकर गन्तव्य को जाएगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध है किया है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## नगर विकास को लेकर 1 से लेकर 51 बिंदुओं पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित

**नगर पालिका परिषद की बैठक सम्पन्न**




**गाडरवारा (यश भारत)।** नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में अध्यक्ष, सीएमओ, समस्त पार्षदों एवं शाखा प्रभारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के 24 वार्डों में विकास को लेकर चर्चा हुई एवं कई निर्माण कार्यों, नगर हित के निर्णयों के बिंदु क्रमांक 1 से लेकर 51 प्रस्तावों को पारित किया गया। परिषद की बैठक में नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष वैशाली रीतेश राय, सांसद प्रतिनिधि संजय राजौरिया, विधायक प्रतिनिधि मुकेश गुप्ता बंटू, आनंद दुबे, चंद्रकांत शर्मा, सुरेन्द्र गुर्जर, जिनेश जैन, पूजा राधामोहन तिवारी, चंचल कोरी मोनू, शुभम राजपूत, सुबी आयुष जैन, पूजा प्रवेश राय, राजकुमारी सतीश कौरव, श्रीकांत राय, पूजा मंगल सिंह जाटव, संगीता सौरभ पटैल, जितेन्द्र जायसवाल, मंजू गजेन्द्र राडवे, राहुल कुमार राय, शिल्पी चंदन साहू, रोहित ठाकुर, आरती कमलेश विश्वकर्मा, अर्चना रामेश्वर धानक,, सीता चौकसे की उपस्थिति रही। बैठक में नगर पालिका सीएमओ जयश्री चौहान के अलावा समस्त शाखाओं के प्रभारी एवं नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

## जर्जर पुलों का कायाकल्प कब ?

**तेंदूखेडा यभाप्र।** तेंदूखेडा से इमझिरा डोभी होकर बरमान जाने वाले सडक मार्ग के बीच इमझिरा के समीप बरांझ नदी एवं डोभी के निकट पांडाझिर नदी पर लगभग पांच दशक पूर्व बने पुलों की स्थिति काफी जर्जर हो गई है, जहाँ तहाँ से राडे निकल आने के कारण लोकनिर्माण विभाग कभी मिट्टी मुरम तो कभी पत्थर डालकर गड्ढों को भर देता है लेकिन कुछ दिनों बाद भारी बाहन निकलने के बाद पुनः वही स्थिति बन जाती है, गड्ढों के कारण जहाँ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है वहीं छोटे बाहन चालकों को काफी सम्हलकर चलना पडता है रात के अंधेरे में कई बार घटनाएं भी घटित हो चुकी है। इन दोनों पुलों की ऊँचाई काफी कम होने के कारण बरसात के दिनों में थोड़ी सी ही बारिस में बाढ़ का पानी आ जाने से इन पुलों के ऊपर पानी हो जाने से पुल काफी लंबे समय के लिए बंद हो जाता है, इस मार्ग का आवागमन बंद हो जाने के साथ इस मार्ग के लोगों को घूमकर जाना आना करना पडता है, विगत दो साल पूर्व ही तेंदूखेडा से चावरपाठा तक सीमेंट सडक बनाई गई है, उसी समय इन पुलों की ऊँचाई बढाने की मांग की गई थी लेकिन आज तक इस दिशा में कोई उचित कार्यवाही नहीं हो सकी।

## कलेक्टर बरमान मेला की प्रारंभिक तैयारियों संबंधी बैठक सम्पन्न

# बरमान मेला में नागरिकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा



नरसिंहपुर यभाप्र। नर्मदा तट पर बरमान में प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध मेले की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में बरमान रेस्ट हाऊस में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय पर पुख्ता करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सभी के सहयोग से मेले का अच्छा आयोजन किया जायेगा। एसडीएम गाडरवारा सभी विभागों के समन्वय से मेले की व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेंगी। इसके लिए सीईओ जिला पंचायत नोडल अधिकारी होंगे। बैठक में स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव लिये गये। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि व्यापारियों और श्रद्धालुओं को मेले में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। बैठक में बरमान मेला की तैयारियों के संबंध में बिंदुवार चर्चा की गई।बैठक में मेला स्थल पर रास्ता निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि बरमानखुर्द तिगड्डा से बनाई जा रही सड़क का निर्माण दिसम्बर माह के अंत तक पूर्ण करा लिया जाये। रास्ते के आसपास की झाड़ियों की साफ-सफाई की जाये। बैठक में तय किया गया कि नर्मदा नदी में आवाजाही के लिए उन्हीं नावों का उपयोग किया जा सकेगा, जिनका पंजीयन कर पहचान के लिए लोगो लगाया जायेगा। इसके लिए तहसीलदार एवं थाने से एनओसी लेना जरूरी होगी। नाव में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकेंगे, अन्यथा जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। मेला समिति इस संबंध में बोर्ड लगवायेगी। नाव में जीवनरक्षक सामग्री जैसे लाइफ जैकेट, टार्च आदि उपलब्ध रहेंगे। स्थानीय गोताखोरों को रिफ्लेक्टेड लाइफजैकेट प्रदान किये जायेंगे।

### मेला में पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

बैठक में निर्देश दिये गये कि मेला में अस्थाई शौचालय, विद्युत और पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। महाआरती के लिए बेहतरीन मंच निर्मित किया जाये, गरिमामयी तरीके से महाआरती का आयोजन होगा। आरती के पश्चात स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ ली जायेगी। मेला स्थल पर पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। पॉलीथिन के उपयोग करने पर जब्ती की कार्रवाई होगी और 500 रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। इसके विकल्प के रूप में कागज एवं कपड़े के थैलों का उपयोग किया जायेगा, इसमें स्वसहायता समूहों का सहयोग लिया जायेगा। मिट्टी, गोबर एवं दोना पत्तल के दियों का उपयोग किया जायेगा। वन विभाग दोना पत्तल की व्यवस्था करेगा।कलेक्टर ने मेला स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग स्थल, चिकित्सा व्यवस्था, आवश्यकतानुसार फायर बिग्रेड, कंट्रोल रूम, वॉच टॉवर, सीसीटीवी कैमरे, क्रेन, जनरेटर, शौचालय, मेला ले- आउट, घाटों की साफ-सफाई, मंदिरों की पुताई, मोटरबोट, तैराक आदि से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मेला स्थल पर स्वच्छता रखने पर बल दिया। मेला के पूर्व ब्लिचिंग पाऊडर का छिड़काव व नालियों की साफ-सफाई पंचायत द्वारा कराई जायेगी।

### मेला स्थल पर होगी अलाव की पर्याप्त व्यवस्था

कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि ठंड के समय मेला स्थल पर जगह- जगह अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नर्मदा के दोनों तटों पर होगी। बरमान में घाटों पर महिलाओं के टायलेट्स एवं चैजिंग रूम की समुचित व्यवस्था रहे। बरमान मेला से संबंधित रोडों की मरम्मतए गड्ढों का समतलीकरण, पैंच वर्क एवं पटरी सुधार, बरमान मेला पहुंच मार्ग की साफ-सफाई का कार्य किया जावे। वाहन स्टेंड व पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाये। मेला में जिन अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये, उनके परिचय पत्र बनाये जायें, जिसमें नामजद ड्यूटी लगी होगी।

### मेले में जगह का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा

कलेक्टर ने स्वच्छ पानी के टैंकर के लिए अलग- अलग रिफलिंग प्वाइंट बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पीएचई विभाग का अमला पानी की लगातार टेस्टिंग करता रहे। सतधारा घाट पर निर्मित पुराने पुल से आवागमन हेतु उपयुक्तता का प्रमाण पत्र एसडीओ पीडब्ल्यूडी से लिया जायेगा। बरमान में अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये गये। मेले में जगह का आवंटन पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। दुकानें आगे लगाने पर जुर्माना होगा। पॉलीथिन के उपयोग एवं कचरा फैलाने पर भी जुर्माना लगाया जायेगा। इसकी वसूली स्वसहायता समूह की महिलायें पंचायत का अमला करेगा। सभी दुकानों में डस्टबिन रखवाना होगी। सर्कस एवं झूले के लिए एसडीओ ई एंड एम सुरक्षा का प्रमाण पत्र देंगे। मौत का कुंआ का आयोजन नहीं किया जायेगा। कलेक्टर ने सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि मेला आयोजन के दौरान आय के आधार पर ही व्यय किया जाये। आय बढ़ाने पर फोकस किया जाये। मेला अवधि के बाद भी यदि दुकानें लगेंगी, तो उनसे शुल्क लिया जायेगा। नर्मदा नदी के दोनों तरफऔर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अस्थाई शौचालय, रनिंग वॉटर व समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जायेगी। स्वच्छता समिति बरमान साफ-सफाई की निगरानी करेगी। दुकानदार बैटरी वाले लाउड स्पीकर ही लगा सकेंगे और रात्रि 10 बजे तक ही प्रचार- प्रसार कर सकेंगे, अन्यथा जब्ती की कार्रवाई होगी। होमगार्ड द्वारा तैराकों एवं स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था की जायेगीए उन्हें प्रशिक्षण एवं जैकेट दिये जायेंगे। एसडीआरआफ की टीम भी तैराक दल के साथ तैनात रहेगी। मेला स्थल पर स्नान करने वालों की सुरक्षा के लिए लोहे की जालियां एवं संकेतक लगाये जायेंगे। नर्मदा नदी में गहराई प्रदर्शित करने के लिए लाल रंग की झंडियां लगाई जायेंगी। मेला स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। कृषि विभाग 10 दिन तक प्रदर्शनी लगाकर उन्नत कृषि यंत्रों को रखेंगे। एक जिला- एक उत्पाद के तहत गुड़ व तुअर दाल, स्वसहायता समूहों के उत्पाद, एफपीओ वाले किसानों के उत्पाद और जैविक उत्पादों को प्रदर्शित कर ब्रांडिंग की जायेगी। बसों में ओव्हरलोडिंग रोकने के लिए जिला परिवहन अधिकारी आवश्यक प्रबंध करेंगे। मेला स्थल पर कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। बरगी बांध से जल छोड़े जाने से पहले सूचना देने के लिए मुख्य अभियंता बरगी परियोजना को पत्र लिखा जायेगा। इसके लिए नामजद ड्यूटी लगाई जायेगी। जल स्तर के आंकलन के लिए ड्यूटी लगाकर इसकी सूचना कंट्रोल रूम में देनी होगी। मेला स्थल पर पर्याप्त चिकित्सकों की ड्यूटी आवश्यक औषधियों के साथ लगाई जायेगी। आयुष विभाग मेला में अधिक स्टाल लगायेगा। एम्बुलेंस की व्यवस्था दोनों घाटों पर होगी। मेले का उद्घाटन 12 जनवरी को सायं 5 बजे प्रस्तावित किया गया है। मेला में मोबाइल एटीएम की व्यवस्था की जायेगी। पंचायत के स्वच्छता परिसर ठेके पर देकर प्रतिव्यक्ति निर्धारित शुल्क लिया जायेगा।

# दो बच्चों के दत्तक ग्रहण आदेश जारी

नरसिंहपुर यभाप्र। जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बच्चों के दत्तक ग्रहण के अंतिम आदेश सोमवार को जारी किये। ये बच्चे जिले में संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी सृजन वात्सल्य शिशु गृह में निवासरत थे। बाल कल्याण समिति द्वारा इन बच्चों को दत्तक ग्रहण के लिए विधिमुक्त घोषित किया गया था। इन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर उन्हें दत्तक माता-पिता को सौंपा गया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथार्टी- सीएआरए पोर्टल पर दत्तक ग्रहण के लिए इच्छुक माता-पिता का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इस पोर्टल पर पंजीयन के बाद भावी दत्तक माता- पिता को दत्तक ग्रहण के लिए विधि मुक्त घोषित किये गये बालकों का रेफरल दिया जाता है। तत्पश्चात दत्तक ग्रहण समिति के परीक्षण एवं अनुमोदन से प्रकरण जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाते हैं। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत उक्त प्रकरणों में प्रथम सुनवाई में ही तत्परता से दत्तक ग्रहण के आदेश जारी किये गये और उसी दिन बालकों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर उन्हें दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण संशोधित अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत दत्तक ग्रहण आदेश जारी करने के लिए जिला दंडाधिकारी एवं अपर जिला दंडाधिकारी को अधिकृत किया गया है। भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दत्तक ग्रहण विनियम 2022 और किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण आदर्श संशोधन नियम 2022 जारी किये गये हैं। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने दी है।

## एम. आई. एम. टी. में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस आयोजित

**नरसिंहपुर यभाप्र।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर में जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी इंजी. प्रभात कनौजे के मुख्य आतिथ्य, उपप्राचार्य डॉ. एस. एन. राव के अध्यक्षता, डॉ. राम प्रसाद कुशवाहा, विभागाध्यक्ष साहू नर्सिंग कॉलेज नरसिंहपुर के विशिष्ट आतिथ्य, जी. डी. ऊमरे, विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय एवं मेजर पराग नेमा सांस्कृतिक प्रभारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इंजी प्रभात कनौजे ने ऊर्जा संरक्षण की दिशा में विभिन्न उपायों से अवगत कराया। डॉ. कुशवाहा ने शिक्षा के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता एवं नवीन सोच की बात पर प्रकाश डाला। मेजर पराग नेमा ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की अवधारणा एवं उपयोगिता पर अपने विचार प्रगट किये। स्वागत उद्बोधन डॉ. प्रमिला कुशवाहा द्वारा, तथा कार्यक्रम का संचालन और आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। उद्बोधन की श्रृंखला में एम. आई. एम. टी. के छात्र-छात्रा अंकुर पटेल, आषीष कहार, महिमा नेमा, स्वाति ठाकुर तथा गीतेष पटेल ने अपने विचार व्यक्त किये। उद्बोधन उपरान्त विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं को एल.ई.डी. बल्ब से पुरूस्कृत किये। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप-प्रज्वलन से किया गया। छात्र साक्षी रजक द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला अक्षय ऊर्जा विभाग नरसिंहपुर से फील्ड ऑफीसर रामलाल धुर्वे, रेवाराम, ऋषभ सोनी और आकाश रजक एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी नीलेश सोनी सहित एम. आई. एम. टी. स्टॉफमेम्बर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक तथा छात्र-छात्राओं की विषेष उपस्थिति रहीं।

# बवाल, आगजनी और गुंडागर्दी... फ्रांस से हारते ही मोरक्को के फैंस का सड़कों पर तांडव, पुलिस से पंगा

ब्रसेल्स, उजेंसी। फीफा वर्ल्ड कप 2022 की दोनों फाइनलिस्ट टीमें मिल चुकीं हैं। अब रविवार को अर्जेंटीना और डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के बीच खिताबी जंग होगी। बुधवार कल देर रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में हारकर बाहर होने वाली मोरक्को टीम के फैंस अपना आपा खो बैठे हैं। फ्रांस से 0-2 से हारने के बाद ब्रसेल्स में मोरक्कन फैंस पुलिस से भिड़ गए। मोरक्को के झंडे में लिपटे 100 से ज्यादा प्रशंसकों ने ब्रसेल्स साउथ स्टेशन के पास दंगा गियर पहने पुलिस पर पटाखे और अन्य सामान फेंके। प्रशंसकों ने कचरे के थैलों और गत्ते के बक्सों को आग के हवाले कर दिया और पुलिस ने पानी की तोप और आंसू गैस के गोले छोड़े।



### फ्रांस ने 5वें मिनट में ही खेल कर दिया, डिफेंडिंग चैंपियन के आगे ध्वस्त हुआ मोरक्को की दीवार

दोहा, एजेंसी। फीफा विश्व कप 2022 के दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस की टीम ने मोरक्को के खिलाफ धमाकेदार शुरुआत की। पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही गोल दागकर मोरक्को को हैरान कर दिया। फ्रांस के लिए यह गोल थियो हर्नांडेज ने किया। हर्नांडेज ने मोरक्को के गोलकीपर यासीन बुनौ को नजदीक से छकाते हुए गोल दाग दिया। मोरक्को की टीम इस विश्व कप में पहली बार किसी मैच में 0-1 से पीछे हुई है। इससे पहले मोरक्को की टीम पांच खेल चुकी है जिसमें उसे चार में जीत मिली जबकि एक मैच ड्रॉ रहा था। टूर्नामेंट में मोरक्को के गोलकीपर यासीन बुनौ के अब तक के खेल को देखे तो वह बहुत ही शानदार रहा था लेकिन फ्रांस के खिलाफ यासीन हर्नांडेज के आक्रमण को बुनौ नहीं रोक पाए और उनकी टीम 0-1 से पिछड़ गई।

### फाइनल की रेस से बाहर होकर भी इतिहास रच गया मोरक्को, हाइलाइट्स

कतर में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में मोरक्को की टीम को पहली हार का भी सामना करना पड़ा है। इससे पहले मोरक्को की यह अजेय रही थी। सेमीफाइनल से पहले मोरक्को की टीम पांच मैच खेल चुकी थी जिसमें से उसे चार जीत में जीत मिली थी जबकि उसका एक मैच ड्रॉ पर छूटा था। सेमीफाइनल से पहले मोरक्को की टीम ने बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल जैसी मजबूत टीमों को मात दी थी।फीफा विश्व कप में मोरक्को पहली ऐसी अफ्रीकी देश है जिसने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। इससे पहले अफ्रीका से आने वाला कोई देश फीफा विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह नहीं बना पाया था। हालांकि मोरक्को से पहले कैमरून (1990), सेनेगल (2002) और घाना (2010) की टीम भी फीफा विश्व कप के क्वार्टर तक पहुंची है लेकिन यहां उनका सफर आगे नहीं बढ़ पाया था। ऐसे में सेमीफाइनल मे हारकर भी मोरक्को की टीम ने फुटबॉल जगह में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

#### एक्शन में पुलिस

इंटरनेशनल समाचार एजेंसी के मुताबिक पुलिस ने कई प्रशंसकों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हालात काबू में कर लिया गया है। कहीं कोई गंभीर वारदात नहीं हुई।

#### पेरिस में भी काटा गदर

मोरक्कन फैंस का उत्पात फ्रांस की राजधानी में भी देखने को मिला। यहां अपनी टीम की जीत के बाद जश्न मनाने उतरे फ्रांसीसी फैंस से मोरक्को प्रशंसक भिड़ गए। फ्रांस में बड़ी संख्या में मोरक्को के प्रवासी रहते हैं।

#### वाटर कैनन का इस्तेमाल

हालात बिगड़ते देख पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। आंसू गैस छोड़े गए। मैच के तुरंत बाद फ्रांस के कई शहरों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

#### गृह मंत्री को भी सामने आना पड़ा

इस बवाल के बाद फ्रांस के गृह मंत्री को बयान जारी करना पड़ा। उन्होंने कहा, फ्रांसीसी फैंस की तरह मोरक्को के चाहने वाले भी हमारे ही लोग हैं। जीत की खुशी और हार का गम मनाने को हर कोई स्वतंत्र है, लेकिन मेरी अपील है कि कानून हाथ में न लिया जाए।

#### बवाली है मोरक्को फैंस

मोरक्को अफ्रीकी देशों की पहली टीम बनी थी, जिसने फीफा विश्व कप में सेमीफाइनल तक सफर तय किया था। इससे पहले 10 दिसंबर को पुर्तगाल को टूर्नामेंट से बाहर करने के बाद भी पेरिस में जमकर बवाल किया गया था।

#### दमदारी से खेला मोरक्को

मैच के बाद, मोरक्को के कोच रेगरागुई ने कहा कि उनकी टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल की हार फीफा वर्ल्ड कप 2022 के अभियान के दौरान अपनी वीरता को कम नहीं कर सकती।

#### फ्रांस के डिफेंडर को नहीं भेद पाया मोरक्को

पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही गोल खाने के बाद मोरक्को की टीम ने लगातार मैच में वापसी की लेकिन वह फ्रांस के डिफेंस को नहीं भेद पाई। हाफ टाइम के करीब पहुंचने के बाद मोरक्को के खिलाड़ियों ने गोल के कुछ मौके जरूर बनाए लेकिन किस्मत उनके साथ नहीं थी।

#### टूर्नामेंट में मोरक्को ने जीते हैं चार मैच

सेमीफाइनल से मोरक्को की टीम ने पांच मैचों में अपना दमखम दिखाया है, जिसमें उसे चार मुकाबलों में जीत मिली है जबकि उसका एक मैच ड्रॉ रहा। मोरक्को ने ग्रुप स्टेज और क्वार्टर फाइनल जैसे मैचों में बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल जैसी टीम को पटखनी दी है। वहीं मोरक्को पहली ऐसी अफ्रीकी टीम है जो फीफा विश्व कप के फाइनल में पहुंची। ऐसे में यहां तक पहुंचना भी इस टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## लियोनेल मेसी फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के बाद ले लेंगे संन्यास? क्रोएशिया को हराने के बाद दिया बड़ा बयान

दोहा- महान खिलाड़ियों में से एक अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने पुष्टि की है कि कतर में रविवार को होने वाले फाइनल में वह अपना आखिरी फीफा विश्व कप मैच खेलेंगे। मेसी ने अर्जेंटीना को मंगलवार को सेमीफाइनल में क्रोएशिया पर 3-0 से जीत दिलाई और रविवार को अपना 172वां मैच खेलेंगे। वह 1986 के बाद से देश को अपना पहला विश्व कप खिताब दिलाने के लिए जान लड़ा देंगे। मेसी ने अर्जेंटीना के मीडिया आउटलेट डियारियो डेपोर्टिवो



ओले से कहा- मैं यहां तक पहुंचने के बाद बहुत सुखद महसूस कर रहा हूं। फाइनल में अपना आखिरी गेम खेलकर अपनी विश्व कप यात्रा समाप्त कर करूंगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा- अगले वर्ल्ड कप के लिए काफी समय है। मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा ऐसा कर पाऊंगा। इस तरह खत्म करना सबसे अच्छा है। 35 वर्षीय डिएगो माराडोना और जेवियर माशेरानो (4-4 वर्ल्ड कप) को पीछे छोड़ते हुए एक फीफा वर्ल्ड कप में अपना 5वां विश्व कप खेल रहे हैं। कतर में अपने पांचवें गोल के साथ उन्होंने गेब्रियल बतिस्तुता को विश्व कप में ससे अधिक गोल दागने के मामले में पीछे छोड़ दिया। यह उनका वर्ल्ड कप इतिहास का 11वां गोल रहा, जबकि ग्रेबियल के नाम 10 थे। मेसी ने कहा- यह सब ठीक है और अच्छा है (रिकॉर्ड्स), लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम के लक्ष्य को पाने में सक्षम होना है। यह सबसे खूबसूरत चीज होती है। हम कड़ी मेहनत करने के बाद अब खिताब से बस एक कदम दूर हैं और हम इस बार ऐसा करने के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं। मंगलवार की जीत के बाद अर्जेंटीना की सड़कों पर हजारों फैंस ने खूब जश्न मनाया।

# आलिया भट्ट को सूझी खुराफात

## रणबीर और श्रद्धा की फिल्म का बताया ऐसा फनी नाम, सुनते ही छूट जाएगी हंसी

**मुंबई, एजेंसी।** आलिया भट्ट इस वक्त मैटरनिटी लीव पर हैं और बेटी के साथ अपने इस खूबसूरत पलों को खूब इंजॉय कर रही हैं। आलिया इस वक्त चर्चा में किसी और वजह से भी हैं। दरअसल रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जिस अनटाइटल्ड फिल्म को लेकर फैन्स काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं, आलिया ने इस फिल्म का अजीब नामकरण कर दिया है। आलिया ने फिल्म के नाम को लेकर जो अनुमान लगाया है वो काफी फनी है। आलिया ने रणबीर की इस अपकमिंग फिल्म का नाम गेस किया है। दरअसल Shraddha Kapoor ने इंस्टाग्राम पर रणबीर के साथ अपनी अगली फिल्म का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर पर फिल्म का नाम का शॉर्टकट (TJMM) नजर आ रहा था और श्रद्धा ने सबसे इस फिल्म का नाम गेस करने को कहा। पोस्टर को देखकर लोगों का उत्साह काफी बढ़ गया। श्रद्धा ने जैसे ही यह पोस्टर शेयर किया तो फैन्स ने भी ञ्छ्ष्ख्रूको लेकर कई नाम सुझाए, लेकिन इस बीच Alia Bhatt ने जो नाम रखा है वह काफी फनी और मजेदार है।

#### आलिया कपूर ने लिखा- टिंगल जिंगल मिंगल मिंगल?

आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए पूरा नाम बताया है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपना पोस्ट शेयर किया है और लिखा- श्रद्धा कपूर और टाइटल है टिंगल जिंगल मिंगल मिंगल? इस नाम के साथ आलिया ने एक इमोजी भी शेयर की।

#### फिल्म अगले साल होली पर होगी रिलीज

बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन लव रंजन कर रहे हैं और टी-सीरीज़ ने इसे प्रड्यूस किया है। रणबीर और श्रद्धा की यह फिल्म अगले साल 8 मार्च 2023 को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग विदेशों में अलग-अलग जगहों पर हुई है और पहली बार रणबीर और श्रद्धा साथ नजर आएंगे।



## शतक से चूक कर भी खुश हैं पुजारा, खेल के पहले ही दिन बता दिया बांग्लादेश की आएगी शामत

**चटगांव, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शुरुआती विकेट गंवाने के बाद चेतेश्वर पुजारा ने बेहतरीन 90 रनों की पारी खेली। हालांकि वह अपने शतक से चूक गए लेकिन वह अपने खेल से निराश नहीं हैं। उनका कहना है कि वह इस 'मुश्किल पिच' पर 90 रन की पारी से भी खुश हैं क्योंकि खेल के हर दिन यहां की और ज्यादा बदतर होगी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत में ही अपने तीन विकेट दिये थे जिसके बाद पुजारा ने श्रेयस अय्यर (नाबाद 82 रन) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिये 149 रन की साझेदारी निभायी। ऑल राउंडर अक्सर पटेल के जल्दी आउट होने से स्टंप तक भारत ने छह विकेट पर 278 रन बनाए। पुजारा ने मैच



के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह बल्लेबाजी के लिये आसान पिच नहीं है इसलिये मैंने आज जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मैं सचमुच खुश हूं। कभी कभार आप तीन अंक के आंकड़े से कहीं ज्यादा टीम को जीत की स्थिति तक पहुंचाने की कोशिश करते हो। हालांकि पुजारा करीब चार साल से शतक नहीं जड़ पाए हैं। उन्होंने कहा, मैं आज की पारी से खुश हूं, शतक नहीं बना पाने से परेशान नहीं हूं। मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और अगर मैं इसी तरह से खेलता रहा तो यह (शतक) भी जल्द ही बन जाएगा। पुजारा को लगता है कि जाहुर अहम चौधरी स्टेडियम की पिच पर नतीजा निकलेगा जिसमें स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि इसमें परिणाम निकलेगा और हमें रन बनाने होंगे। श्रेयस के साथ मेरी साझेदारी अहम थी, ऋषभ पंत के साथ भी क्योंकि हमने तब तीन विकेट गंवा दिये थे। उनका मानना है कि पहली पारी में 350 रन का स्कोर भी निर्णायक साबित हो सकता है। पुजारा ने कहा, अगर हमने दिन में चार या पांच विकेट ही गंवाये होते तो बेहतर होता। मुझे अब भी लगता है कि पहली पारी में 350 रन का स्कोर इस पिच पर अच्छा स्कोर होगा क्योंकि इस पर टर्न है और हमारे पास तीन स्पिनर हैं। उन्होंने कहा, पिच आगे खराब ही होगी।

## तवांग में चीनी सैनिकों की कुटाई का वीडियो छाया, बॉलीवुड सिलेब्स का सीना गर्व से हुआ चौड़ा

**मुंबई, ईएमएस।** अनुपम खेर से लेकर विवेक अग्निहोत्री तक ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय सैनिक, चीनी सैनिकों को लाठी-डंडों से खदेड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, ये वीडियो तवांग का है या नहीं, इसको लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल, ये वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय जवानों और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हो गई। तबसे ही ये मामला देश में गरमाया हुआ है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो धड़ल्ल्ले से वायरल हो रहा है। इसमें भारतीय जवान, चीनी सैनिकों को घेरकर लाठी-डंडे से पीटते हुए दिख रहे हैं। ये देखने के बाद आम जनता से लेकर बॉलीवुड सिलेब्स तक गर्व से फूले नहीं समा रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। हालांकि, ये वीडियो तवांग का है या नहीं, इसको लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

## युवराज से लड़ने वाले एंड्रयू फ्लिंटॉफ के जान पर आई आफत, TV शो की शूटिंग के दौरान भयंकर एक्सीडेंट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को बीबीसी शो च्टॉप गियरज् के एक एपिसोड की शूटिंग के दौरान एक कार दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह एक्सीडेंट तब हुई जब 45 वर्षीय फ्लिंटॉफ सरे के डंसफोल्ड पार्क एयरोड्रम में बर्फीले हालात में शूटिंग कर रहे थे। बीबीसी ने एक बयान में कहा गया, च्फ्रेडी आज सुबह टॉप गियर परीक्षण ट्रैक पर एक दुर्घटना में घायल हो गए - क्रू मेडिक्स तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। बयान में कहा गया- उन्हें आगे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है और हम आने वाले समय में अधिक जानकारी देंगे।। द सन के अनुसार फ्लिंटॉफ खतरे से बाहर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दुर्घटना तक हुई जब वह बर्फीले ट्रैक पर सामान्य रूप से गाड़ी चला रहे थे और गति अधिक तेज नहीं थी। एक सूत्र ने द सन को बताया- शूटिंग के लिए भी सभी सामान्य स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय किए गए थे। च्फ्रेडी को कुछ ही देर बाद एयर एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। शूटिंग स्थगित कर दिया गया है और सभी को फ्रेडी के ठीक होने की परवाह है। उल्लेखनीय है कि 2019 में टॉप गियर के एक और एपिसोड की शूटिंग के दौरान फ्लिंटॉफ 125 मील प्रति घंटे की रफ्तार से कार चलाते वक्त चोटिल हो गए थे। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी थी। उन्होंने उस समय कहा था- मैं टॉप गियर ड्रैग रेस में अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ करता हूं, लेकिन इस अवसर पर, मैं कुछ हद तक आगे बढ़ गया। जब आप इसे टीवी पर देखेंगे तो यह खतरनाक से ज्यादा हास्यास्पद लगेगा।

## सुकेश केस में निक्की ने तोड़ी चुप्पी लोग बोले- ऐड़ा बनकर पेड़ा खा रही

**मुंबई,ईएमएस।** बिग बॉस 14 में नजर आई निक्की तंबोली इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर मामले में सामने आया था। बताया गया था कि कॉनमैन से उनको लाखों रुपये और महंगे गिफ्ट्स मिले थे। अब एक इवेंट में उनसे इस केस में बात की गई और उस पर एक्ट्रेस ने क्या कहा, सुनिए।

**निक्की तंबोली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल-** कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर का मामला पिछले कुछ दिनों से तूल पकड़े हुए है। नोरा फतेही और जैकलीन फर्नांडिस के अलावा इसमें निक्की उर्फ निकिता तंबोली और चाहत खन्ना का भी नाम सामने आया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि दोनों ने सुकेश से महंगे गिफ्ट्स लिए हैं। साथ ही वह उनसे मिलने के लिए तिहाड़ जेल भी गई थीं। अब इस मामले पर निक्की ने चुप्पी तोड़ी है। पपाराजी से बात करते हुए उन्होंने सुकेश चंद्रशेखर केस पर चंद शब्द कहे हैं। सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग केस में निक्की तंबोली का नाम आया था। अब एक इवेंट के दौरान उनसे मीडिया ने इस विवाद के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस ने कहा- मुझको जिसे जो बोलना है मैं उसे ही बोलूंगी। देखिए सबके लाइफ में उतार-चढ़ाव आते हैं। सबको पता है कि उससे कैसे डील करना है। मैं दुनिया को नहीं बताना चाहती कि मैं कैसे डील करती हूं। अब इस वीडियो में निक्की ने साफ-साफ कुछ नहीं कहा लेकिन बहुत कुछ बयां कर दिया। उनकी बातों से ये तो साफ है कि वह जो दावे हो रहे हैं, वो सच्चे हैं। बता दें कि निकिता तंबोली ने बताया था कि उन्हें सुकेश की सहयोगी पिंकी ईरानी ने मिलवाया था। लेकिन नाम सही नहीं बताया था, बल्कि कहा था कि ये शेखर हैं। पहले 2018 में मुलाकात हुई और 1.5 लाख रुपये मिले। इसके बाद वह उनसे मिलने के लिए तिहाड़ जेल गई। जहां से उन्हें 2 लाख रुपये और एक त्रष्टष्द्ध का बैग मिला था। लेकिन जब भी उनसे इस बारे में पूछा गया, उन्होंने न तो साफ हां कहा और न ही ना कहां। खैर। अब इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने रिएक्ट किया।निक्की तंबोली के स्टेटमेंट पर एक यूजर ने लिखा- देखो कितनी मासूम है ये।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता की ओवर ऑल चैम्पियनशिप इंदौर ने जीती

**जबलपुर, यशभारत।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 44 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता की ओवर ऑल चैम्पियनशिप इंदौर क्षेत्र ने जीत ली, जबकि भोपाल क्षेत्र प्रतियोगिता में उपविजेता रहा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने विजेता, उपविजेता टीम के साथ खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव अनिल कुमार अलंग, आलोक श्रीवास्तव व देवेन्द्र चढ़ोकार सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी उपस्थित थे। इंदौर क्षेत्र ने प्रतियोगिता में कैरम, शतरंज व टेनिक्वाइट स्पर्धा में श्रेष्ठता दिखाई जबकि टेबल टेनिस में उपविजेता रही। कैरम के एकल में विजेता इंदौर की माधवी गणपते, उपविजेता इंदौर की प्रियंका गुर्जर कुर्मी व तृतीय स्थान पर भोपाल की वर्ष निमजे रहीं। कैरम युगल में इंदौर की माधवी गणपते व प्रियंका गुर्जर कुर्मी विजेता, ग्वालियर की रेणुका शर्मा व सोनिया जैन उपविजेता व तृतीय स्थान पर भोपाल की वर्षा निमजे व प्रियंका कटारिया रहीं।



शतरंज की टीम स्पर्धा में विजेता इंदौर, उपविजेता ग्वालियर व तृतीय स्थान पर श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम रही। शतरंज के व्यक्तिगत मुकाबले में विजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की रत्ना कलम, उपविजेता भोपाल की नीलम धन्ना व तृतीय स्थान पर ग्वालियर की प्रीति इसुलिया रहीं। टेनिक्वाइट स्पर्धा के एकल में विजेता इंदौर की रिंकी शर्मा, उपविजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की अमृता तिवारी व तृतीय स्थान पर इंदौर की वैभवी माने रहीं। युगल मुकाबले में विजेता इंदौर की वैभवी माने व रिंकी शर्मा, उपविजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की एडलिन टोप्पो व अमृता तिवारी एवं तृतीय स्थान पर केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की नीता पटेल व अंजली देशमुख रहीं।

बैडमिंटन के एकल में विजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की अंजली, उपविजेता श्वेता व तृतीय स्थान पर भोपाल की रजनी धारने रहीं। युगल मुकाबले में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की अंजली व श्वेता विजेता, भोपाल की निकिता व रजनी धारने उपविजेता व तृतीय स्थान पर इंदौर की मोनिका व मीनाक्षी रहीं। टेबल टेनिस के एकल मुकाबले में विजेता भोपाल की संगीता रजक, उपविजेता इंदौर की मीनू आशा चौधरी व तृतीय स्थान पर इंदौर की रूपा कनौजिया रहीं। युगल मुकाबले में विजेता भोपाल की संगीत रजक व रेखा नागर, उपविजेता इंदौर की मीनू आशा चौधरी व रूपा कनौजिया व तृतीय स्थान पर केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की डा. सरिता बदलानी व रीतू पटेल रहीं।

# मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रबंधन को चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने दी हिदायत

## अकेडमिक कैलेंडर शेड्यूल के मुताबिक परीक्षाएं कराकर जारी करें रिजल्ट

**जबलपुर, यशभारत।** मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी पर लगातार कई प्रकार के आरोप लगते रहे हैं। परीक्षाओं में देरी और रिजल्ट घोषित करने में देरी को लेकर छात्रों में आक्रोश बढ़ता रहा है। इसको लेकर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की समीक्षा बैठक की। सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के सभी संकायों की परीक्षाएं समय पर आयोजित हो सकें और रिजल्ट सही समय पर घोषित हो। इसके लिये नियमानुकूल अकादमिक कैलेंडर तैयार कर निश्चित समयावधि में कार्य पूरा करें। कोरोना काल में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल महाविद्यालयों के स्टूडेंट्स के 03 सालों से प्रभावित परीक्षा कैलेंडर को आगामी 10 महीने की समय सीमा में पूरा करने के भी निर्देश दिये।

### मेडिकल कॉलेजों की सम्बद्धता को लेकर दिए निर्देश

मंत्री सारंग ने विश्वविद्यालय द्वारा मेडिकल, दंत चिकित्सा एवं आयुष संकाय के महाविद्यालयों को सम्बद्धता के लिए मुहिम चलाकर काउंसिल और विश्वविद्यालय को संयुक्त औचक निरीक्षण कर सम्बद्धता का पुनर्अवलोकन करने के निर्देश दिए।



### मार्कशीट, डिग्री, प्रोविशनल तथा माइग्रेशन की स्थिति की दी जानकारी

बैठक में मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल ने बताया कि मंत्री सारंग ने तीन महीने पहले दिए गए निर्देशों के मुताबिक साल 2022 में 45 हजार अंक-सूचियां, 7 हजार डिग्री सर्टिफिकेट्स, 6 हजार 500 प्रोविशनल सर्टिफिकेट्स एवं लगभग 2 हजार 500 माइग्रेशन सर्टिफिकेट्स प्रिंट कर स्टूडेंट्स को प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि सितंबर-2022 तक घोषित परीक्षा परिणामों की अंक-सूचियां महाविद्यालयों को प्रेषित की जा चुकी हैं।

### नर्सिंग कॉलेजों को सम्बद्धता के लिए दिया जाएगा समय

बैठक में मंत्री श्री सारंग ने सम्बद्धता से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये रूपरेखा की भी जानकारी ली। इस दौरान मंत्री श्री सारंग ने तीनों काउंसिल के रजिस्ट्रारों को माह में एक बार वीसी के माध्यम से सम्बद्धता के संबंध में बैठक करने के निर्देश दिये।

### तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को भरने दिए निर्देश

बैठक के दौरान मंत्री श्री सारंग ने तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त सभी पदों को भरने के निर्देश दिये, जिससे विश्वविद्यालय के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके। बैठक में म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा जॉन किंग्सली एआर, चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ. जितेन शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज को भेंट किया अरुणोदय पंचांग

**जबलपुर, यशभारत।** विजय नगर में निःशक्तजन आयुक्त संदीप रजक के निवास पर महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज (उत्तम स्वामी)का आगमन हुआ जहां उनका स्वागत वंदन यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने किया। और महाराज श्री को घर का पंडिज अरूणोदय पंचांग भेंट किया। महाराज जी ने पंचांग की सफलता के लिए आशीष शुक्ला को आशीर्वाद दिया।

# कोर्ट में झूठी गवाही ना देने पर सिर पर दे मारी कुल्हाड़ी

## घर में घुसकर की जमकर मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट में दो आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर पहले तो जमकर गालीगलौच की और फिर कुल्हाड़ी से सिर में हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद घायल को आनन-फानन में अस्पाताल में भर्ती किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पूरा मामला बदशाह हलवाई मंदिर का है। पीड़ित पर आरोपी जबरन कोर्ट में झूठी गवाही देकर, प्रकरण में समझौता करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि नरेन्द्र अहिरवार 25 वर्ष निवासी बादशाह हलवाई मंदिर पटैल मोहल्ला ने बताया कि रात को वह मजदूरी करके अपने घर आया था तभी कृष्णा यादव एवं आकाश पटैल एक राय होकर उसके घर के अंदर आकर उसे धमकाते हुये पुराने विवाद पर पुराना केस वापस लेन और कोर्ट में झूठी गवाही देकर समझौता करने की मांग करने लगे। उसने गवाही देने से एवं समझौता करने से मना किया तो दोनों गाली गलोज करते हुये उसे घसीटकर घर के बाहर ले आये और कुल्हाड़ी से हमलाकर सिर लहूलुहान कर भाग गए।



# युवक के सिर में पटक दिया पत्थर

## हनुमानताल में पुरानी रंजिश पर दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के बाबाटोला में आपसी रंजिश को लेकर तीन आरोपियों ने युवक को बीच रास्ते रोककर पहले तो जमकर गालीगलौच की और फिर इतने से भी मन नहीं भरा तो सिर में पत्थर से वार कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहीं पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मोहम्मद सोनू खान 20 वर्ष ने बताया कि वह 16 क्वॉटर हनुमानताल का निवासी है। देर रात बीच रास्ते रोककर आफताब, नवीन और साबिर ने देखते ही गालीगलौच की। जब उसने विरोध किया तो मारपीट करते हुए सिर में पत्थर पटक दिया जिससे वह घायल हो गया।


दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान हमसे पाये समाधान
27 साल के अनुभवी अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083


## मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का कारनामा

# संस्कृत विषय में अनुपस्थित छात्रा को 78 अंक देकर पास कर दिया

### बीएएमएस प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम के बाद खुलासा

**जबलपुर, यशभारत। मप्र आयुर्विज्ञान यूनिवर्सिटी में गोपनीय कार्य किस तरह की लापरवाही और मनमर्जी की जा रही है इसका खुलासा भोपाल आयुर्विज्ञान कॉलेज की छात्रा द्वारा की गई शिकायत के बाद हो रहा है। दरअसल यूनिवर्सिटी ने बीएएमएस प्रथम वर्ष की एक छात्रा को संस्कृत विषय में अनुपस्थित रहने के बावजूद 78 अंक देकर पास कर दिया जबकि हर विषय में पास होने के बावजूद रतलाम की एक छात्रा को शून्य अंक देकर उसे फेल कर दिया गया।**



सोशल मीडिया में छात्रा की शिकायत वायरल होने के बाद एक बार फिर यूनिवर्सिटी की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर सोशल मीडिया में आवेदन जारी होने के बाद विवि में हड़कंप मच गया है। पता लगाया जा रहा है कि विवि से इतनी बड़ी गलती कैसे हो गई। मालूम हो कि लंबे समय से मप्र साइंस यूनिवर्सिटी में परीक्षा और परिणाम जारी करने को लेकर लापरवाही हो रही है। कभी नर्सिंग की कापी गीली को सुखाना बाद में बैक डेट में जाँच कर सबूत को मिटना तो कभी एमबीबीस जेसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम में शून्य नम्बर को पास करना तो कभी बीपीटी पाठ्यक्रम में अनुपस्थित छात्र को पास करना जैसे मामले सामने आ चुकें है।

### ऐसे हुआ खुलासा

राजीव गांधी आयुर्विज्ञान कॉलेज प्राचार्य के नाम से एक आवेदन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें लिखा गया है कि बीएएमएस प्रथम वर्ष की एपी 0042003 रोल नंबर की छात्रा संस्कृत के पेपर में बीमारी के कारण अनुपस्थित नहीं थी बाबजूद उसे 78 अंक देकर पास कर दिया गया। शिकायती आवेदन में आरोप लगाया है कि ऐसे बहुत से विद्वार्थी है जिनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया और बहुतों को फेल कर दिया गया है।

### व्यापाम जैसे बड़े घोटाले की तैयारी

एमपी स्टूडेंट अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने कहा कि प्रदेश अभी पीएमटी ओर व्यापम जेसे घोटालों से उबारा ही नही हे कि अब मेडिकल यूनिवर्सिटी में व्यापाम से भी बड़े घोटाले की साजिश होने लगी है। एमपीमेडिकल यूनिवर्सिटी के अधिकारी अपने अजव गजब

### छात्रा की शिकायत पर सामने आई गड़बड़ी

कारनामों के कारण संस्करधानी से लेकर प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा विभाग की छवि खराब करने में कोई कोर कसर छोड़ने में कमी नही कर रहे कभी छुट्टी पर रहते अधिकारी से एक समयपर एक साथ दो गोपनीय कार्य करना आदत हो गई है।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है विवि

छात्र नेता गोपाल पाराशर ने आरोप लगाते हुए बताया कि विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना चुका है, यहाँ पर अधिकारियों की परम्परा बनी की बाहर के व्यक्ति से जाँच कराने में विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ पेर फूल जाते क्यूंकि अधिकारी भ्रष्टाचार रूपी समुद्र में पूरी तरह डूबे है। पूरे प्रदेश को डुबाने में कोई कमी नही छोड़ रहे। जब जाँच की बात आती तो कार्यपरिषद की बेठक रद्द कर देते ओर कभी अपने खास लोगों की कमेटी बनकर जाँच को प्रभावित करते है। जब जाँच की बात आती तो विश्वविद्यालय छोड़ भाग जाते हे फिर कुछ समय बाद वापिस आ जाते हैं।

# बाइकों में सीधी भिडंत

## हवा में उछली मोटर साइकिल, फट गया कान, हाथ फैक्चर

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के गुप्तेश्वर मंदिर के पास दो बेकाबू बाइकों में सीधी भिडंत हो गयी। हादसे में बाइक सवार रोड से दस फिट दूर जा गिरे। जिसमें एक बाइक सवार युवक का कान फट गया और हाथ फैक्चर हो गया। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि हर्ष वर्मन पिता रज्जू लाल 24 वर्ष निवासी सेठी नगर गोरखपुर ने बताया कि वह अपने घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार में आ रही बाइक क्रमांक एमपी 20 एनबी 7247 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। आसपास के राहगीरों ने जैसे तैसे पीड़ित को अस्पाताल पहुंचाया। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, फरार आरोपी को तलाश करने में जुटी है।




साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कोपी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के इनर उपलब्ध
LUX COZI AMUL MACHO RUPA JOCKEY DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
तिली चिक्की, तिली लड्डू, तिली रेवड़ी, मूंगफली की लड़या, रोस्टेट नमकीन, वेक्स टोस्ट, करेला चिप्स, बिस्केट, फुल्की, गजक, सिंधी पापड़, चने
AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
SHALBY MULTI-SPECIALITY HOSPITALS In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
www.shalby.org

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलिस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000, 7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैट्रिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
कश्मीरी, प्योरऊल, जमावार, सिप्पीवर्क, कानीवर्क, आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ), डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन), डॉ तरुण नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ विशाल बडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन), डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन), डॉ एम. वंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ), डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ), डॉ नेहा वंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं: हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)